
दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 135 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 20 दिसम्बर 2025 | पौष माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया : मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज डब्ल्यूएचओ ग्लोबल समिट ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन का समापन दिवस है। पिछले तीन दिनों में यहां पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े दुनियाभर के विशेषज्ञों ने गंभीर और सार्थक चर्चा की है। मुझे प्रसन्नता है कि भारत इस आयोजन के लिए एक मजबूत मंच के रूप में उभरा है और इसमें डब्ल्यूएचओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए वे डब्ल्यूएचओ, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और यहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का विषय है कि डब्ल्यूएचओ का ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन गुजरात के जामनगर में स्थापित हुआ है।





### सभी पहल पारंपरिक चिकित्सा को और बनाएंगी मजबूत

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी है, जो हमारी मजबूत साझेदारी को दर्शाती है। इनमें अनुसंधान को सशक्त करना, पारंपरिक चिकित्सा में डिजिटल तकनीक के उपयोग को बढ़ाना और ऐसे नियामक ढांचे तैयार करना शामिल है, जिन पर पूरी दुनिया भरोसा कर सके। ये सभी पहल पारंपरिक चिकित्सा को और मजबूत बनाएंगी।

### पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है योग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा योग भी है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का मार्ग दिखाया है। भारत के प्रयासों और 175 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। बीते वर्षों में योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचते देखा गया है। योग पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का अभिन्न अंग है और इसने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया है।

### आज दिल्ली में डब्ल्यूएचओ के साउथ-ईस्ट एशिया रीजनल ऑफिस का किया गया उद्घाटन

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में डब्ल्यूएचओ के साउथ-ईस्ट एशिया रीजनल ऑफिस का उद्घाटन भी किया गया है, जो भारत की ओर से एक विनम्र उपहार है। यह एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां से अनुसंधान, नियमन और क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। आयुर्वेद में संतुलन को ही स्वास्थ्य का पर्याय माना गया है। जिस शरीर में संतुलन बना रहता है, वही स्वस्थ होता है। आज संतुलन की पुनर्स्थापना केवल एक वैश्विक लक्ष्य ही नहीं, बल्कि एक वैश्विक आवश्यकता बन चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवनशैली में हो रहे तीव्र बदलाव, शारीरिक श्रम में कमी और सुविधाओं की बढ़ती उपलब्धता मानव शरीर के लिए नई और अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कर रही हैं।

## भारत ने लगातार 8वीं टी-20 सीरीज जीती

### साउथ अफ्रीका को 5वें मैच में 30 रन से हराया; तिलक-पंड्या की फिफ्टी; चक्रवर्ती को 4 विकेट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। टीम ने शुक्रवार को खेले गए 5वें मैच में अफ्रीका को 30 रन से हराया। टीम इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद में 232 रन का टारगेट चेज रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। क्विंटन डी कॉक ने 35 बॉल पर 65 रन बनाए। इससे पहले भारतीय टीम ने तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या के अर्धशतकों के सहारे 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन का स्कोर बनाया। तिलक ने 42 बॉल पर 73 रन बनाए, जबकि पंड्या ने 25 बॉल पर 63 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 34 रन बनाए।

## नागपुर में पानी की टंकी गिरी, 6 मजदूरों की मौत

### 4 अन्य घायल, स्ट्रक्चर कमजोर होने से हादसा हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में शुक्रवार (19 दिसंबर) को फैक्ट्री में पानी की टंकी गिरने से 6 मजदूरों की मौत हो गई। 4 अन्य घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9.30 बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि एमडीसी बुटीबोरी इलाके में सोलर पैनल बनाने वाली फैक्ट्री अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड में टंकी मजदूरों पर गिरी। इसमें 10 मजदूर दब गए। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। 4 मजदूरों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये मजदूर पानी की टंकी के पास कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे थे तभी टंकी ढह गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला।

## दिग्विजय ने गडकरी से कहा- अधूरे हाईवे पर टोल वसूल रहे

### राज्यसभा में बोले- आपने अफसरों को फटकारा था फिर भी वसूली जारी; ये अन्याय है

बढ़ता राजस्थान

**बैतूल।** मध्य प्रदेश में बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे के अधूरे निर्माण कार्य के बावजूद टोल वसूली जारी रहने का मुद्दा संसद तक पहुंच गया है। गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने यह मामला उठाते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से जवाब मांगा और इसे जनता के साथ अन्याय बताया। सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे नितिन गडकरी को देश के सबसे प्रभावशाली और कुशल मंत्रियों में मानते हैं, लेकिन अधूरी और खराब सड़कों पर टोल वसूली उचित नहीं है।

## संसद के शीतकालीन सत्र में 8 बिल पास...

### कांग्रेस का आरोप- शुरुआत टैगोर के और अंत महात्मा गांधी के अपमान से हुआ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को खत्म हुआ। 1 दिसंबर से शुरू हुआ सत्र 19 दिसंबर तक चला। केंद्र सरकार ने 14 बिल लाने की बात कही थी। विपक्ष का आरोप है कि 12 बिल ही पेश किए गए। दोनों सदनों से 8 बिल पास किए गए। 2 बिल कमेटी को भेजे गए। सरकार ने कुछ बिल पेश ही नहीं किए।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया- सत्र की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर के अपमान से हुई और अंत महात्मा गांधी के अपमान के साथ हुआ। पीएम मोदी की रणनीति साफ थी, जो आधुनिक भारत बनाने वाले तीन लोगों (टैगोर, महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू) का अपमान करना था। रमेश ने कहा- वंदे मातरम् पर बहस सरकार की नेहरू को बदनाम करने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने पर थी। 1937 में टैगोर की सिफारिश पर ही सीडब्ल्यूसी ने फैसला किया था कि वंदे मातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रगान के रूप में गाया जाएगा। एमनरेगा की जगह जीरामजी बिल लाना महात्मा गांधी का अपमान है।

## बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की : छात्र नेता का शव पहुंचने के बाद ढाका में आगजनी; दावा- मुख्य आरोपी भारत भागा, बॉर्डर पर भारतीय सेना अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी का शव शुक्रवार शाम सिंगापुर से ढाका पहुंचा। इस बीच ढाका में आंदोलनकारी फिर हिंसक हो गए और उदिची संस्था के कार्यालय को जला दिया। ये संस्था कट्टरपंथियों के विरोध में काम करती है।

बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, हत्यारों को ट्रांसपोर्टेशन में सपोर्ट करने वाले आरोपियों ने अदालत में हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम के भारत भागने का दावा किया है।

इधर भारतीय सेना भी एक्टिव हो गई है और बांग्लादेश के हालात पर नजर बनाए हुए है। ईस्टर्न कमांड प्रमुख ले. जनरल आरसी तिवारी ने गुरुवार शाम भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा किया है। इससे पहले उस्मान हादी की गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान आंदोलनकारियों ने ढाका में 2 प्रमुख मीडिया हाउस, आवामी लीग के कार्यालय को फूंक दिया।



### हिंदू युवक की पीटकर हत्या,पेड़ पर लटकाकर जलाया

ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते दिख रहे हैं।



# सम्पादकीय

## अराजकता में डूबा बांग्लादेश, आत्मघात की ओर बढ़ता दिख रहा देश

बांग्लादेश जैसी अराजकता में डूबा हुआ है, उससे वह केवल आत्मघात की ओर ही बढ़ता हुआ नहीं दिख रहा है, बल्कि भारत के लिए खतरा भी बढ़ा रहा है। वैसे तो यह देश अस्थिरता से तभी से घिरा है, जब पिछले वर्ष वहां शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट दिया गया था, लेकिन बीते दिनों हालात तब बिगड़े, जब तख्तापलट में शामिल एक छात्र नेता को गोली मार दी गई। यह वही छात्र नेता था, जिसने कुछ ही दिनों पहले पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी दी थी। उसकी मौत की खबर आने के बाद अराजक तत्व सडक़ों पर उतर आए। उन्होंने बांग्लादेश के दो प्रमुख अखबारों के दफ्तरों में आग लगाई, एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र को आग के हवाले किया और भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए भारतीय उच्चायोगों का घेराव शुरू कर दिया। चूंकि हिंसक भीड़ भारतीय उच्चायोग के भवनों में घुसने पर आमादा थी, इसलिए वहां वीजा सेवाएं बंद करनी पड़ीं। यह तब हुआ, जब कुछ ही दिनों पहले बांग्लादेश में भारत के खिलाफ उग्र बयानबाजी के लिए वहां के उच्चायुक्त को तलब कर नाराजगी जताई गई थी। बांग्लादेश में भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले ही नहीं, बल्कि अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं पर हमले करने वाले भी बेलगाम हैं। इसी कारण वहां के एक हिंदू को ईशनिंदा के झूठे आरोप में पीट-पीटकर मार दिया गया और फिर उसके शव को भीड़ के सामने जला दिया गया। बर्बरता की यह पराकाष्ठा उस बांग्लादेश में देखने को मिल रही है, जहां की अंतरिम सरकार के प्रमुख नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस हैं। अब इसमें कोई संशय नहीं कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी तत्वों के हाथों में खेल रहे हैं और उन्हें शह भी दे रहे हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की संसदीय समिति ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों के साथ पाकिस्तान और चीन की बढ़ती सक्रियता पर चिंता जताते हुए कहा कि इस पड़ोसी देश की घटनाएं भारत को संकट में डालने वाली हैं। यह संकट अब और भी अधिक घना दिखने लगा है। बांग्लादेश के हिंदुओं की जान तो आफत में है ही, वहां भारतीय हितों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव नजदीक हैं। अब इन चुनावों का सही तरह होना संदिग्ध है। इन चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भाग लेने से रोकने के साथ ही पाकिस्तानपरस्त जमाते इस्लामी समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों को भी चुनाव लडऩे की छूट



दे दी गई है। चिंता की बात यह है कि चुनाव बाद वहां इस्लामिक कट्टरपंथियों के वर्चस्व वाली ऐसी सरकार आ सकती है, जो भारतीय हितों के खिलाफ खुलकर काम करे।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### • 20 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2008- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने जमा कजऱ् पर ब्याज दरें घटाईं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय चुनाव पर रोक लगी। विश्व स्कूल खेलों की मेज़बानी भारत को मिली।
- 2007 - पाकिस्तान की संघीय शरीयत अदालत ने पाकिस्तान नागरिकता अधिनियम को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया।
- 2002 - दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका से सहयोग मांगा।
- 1999 - अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' हबल टेलीस्कोप की मरम्मत हेतु रवाना।
- 1999 - चीन और पुर्तग़ाल के समझौते के बाद मकाउ चीन का हिस्सा बना ।
- 1998 - 13वें एशियाई खेलों का रंगारंग समापन, बिल क्लिंटन एवं कैनेथ स्टार को 'स्टार टाइम पत्रिका' ने 'मैन आफ़ दी इयर' घोषित किया, चीन द्वारा इरीडियम आधारित दो संचार उपग्रह छोड़े गये।
- 1998 - बिल क्लिंटन और कैनेथ स्टार को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफ द इयर घोषित किया।
- 1993 - भारत और यूरोपीय संघ के बीच ब्रसेल्स में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गये।
- 1991 - पॉल कीटिंग आस्ट्रेलिया के नये प्रधानमंत्री बने।
- 1990 - भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए।
- 1988 - संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।
- 1985 - तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जडित मुकुट चढाया गया।
- 1976 - इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1973 - यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत।

विशेष आलेख

# अलग-अलग स्वर, एक ही गीतः मानवता की एकता का उत्सव

## अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस



प्रो. आरके जैन

एकता वह अद्भुत शक्ति है, जो मानवता को जोड़ती है, कमजोर को समर्थ बनाती है और अलगाव को अवसर में बदल देती है। यह वह अटूट धागा है, जो विविधताओं को एक सामूहिक ताकत में बदल देता है। हर वर्ष 20 दिसंबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि संदेश और संकल्प है। यह हमें याद दिलाता है कि हम सब एक ही पृथ्वी के निवासी हैं, हमारी खुशियाँ साझा हैं और हमारी जिम्मेदारी भी साझा है। यह दिन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि मानवता का सबसे बड़ा हथियार केवल शक्ति या संसाधन नहीं, बल्कि साझा संवेदनाएँ और सहयोग हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2005 में प्रस्ताव 60/209 के माध्यम से इस दिन की घोषणा की। इस दिन को 21वीं सदी का मूलभूत मूल्य मानते हुए वैश्विक एकजुटता का प्रतीक घोषित किया गया। 2025 की थीम सतत विकास के लिए एकजुटताः एक साझा भविष्य के लिए समुदायों को जोडऩा इस सत्य को उजागर करती है कि सतत विकास केवल तभी संभव है, जब समाज और समुदाय मिलकर साझा भविष्य का निर्माण करें। इसमें गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु संरक्षण और समानता जैसे मूलभूत मुद्दों के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

आज की दुनिया में विभाजन और असमानता की आंधियाँ तेज़ चल रही हैं। ऐसे समय में यह दिवस हमें याद दिलाता है कि एकता से हर तूफान शांत किया जा सकता है और हर बाधा अवसर में बदल सकती है। इतिहास में भी बार-बार यह देखा गया है कि जब मानवता ने अलगाव को त्यागकर मिलकर काम किया, तब बड़े सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तन हुए। उदाहरण के लिए, 2025 में ग्लोबल फंड टू फाइट एड्स, ट्यूबरकुलोसिस एंड मलेरिया की आठवीं पुनर्भरण में कुल 11.34 अरब अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धताएँ जुटाई गईं, जिसमें अफ्रीकी देशों ने स्वयं 51.59 मिलियन डॉलर से अधिक की साझा प्रतिबद्धता दी। यह स्पष्ट करता है कि वैश्विक सहयोग केवल बड़े राष्ट्रों का काम नहीं, बल्कि विकासशील देशों का भी योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। शरणार्थियों और संकटग्रस्त समुदायों के लिए वैश्विक और स्थानीय पहलें मानव एकता की वास्तविक शक्ति को दर्शाती हैं। डब्ल्यूएचओ की 2025 पहलों और वैश्विक सम्मेलनों में केन्या, युगांडा और यमन जैसे देशों की भागीदारी से शरणार्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में शामिल करने के लिए कुल 243 प्रतिबद्धताएँ दर्ज की गईं। कोलंबिया में वेनेजुएला शरणार्थियों की मदद और रोमानिया में यूक्रेन शरणार्थियों के लिए विशेष सेवाएं - यह दर्शाता है कि संकट की घड़ी में मानवता सीमाओं को पार कर सकती है और हर व्यक्ति का जीवन सम्मानजनक बनाया जा सकता है। यूनेस्को की बॉडी एंड माइंड वेलनेस क्लब 2025 में इंटरकल्चरल डायलॉग और कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स आयोजित कर युवाओं को मानवता, समानता और साझा जिम्मेदारी की शिक्षा दे रही है। सतत विकास के क्षेत्र में भी एकता अनिवार्य है। अकेला कोई देश जलवायु परिवर्तन, गरीबी, असमानता या शिक्षा के संकट का हल नहीं निकाल सकता। संयुक्त राष्ट्र का भविष्य के लिए संधि 2024-2025 ने वैश्विक और स्थानीय समाधानों को जोडक़र यह सिद्ध कर दिया है कि साझा प्रयासों से ही स्थायी परिवर्तन संभव है। विश्व एकजुटता कोष (वर्ल्ड सॉलिडैरिटी फंड) गरीबी उन्मूलन और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा है। पेरिस ओलंपिक 2024 में यूरोपीय संघ के यूनाइटेड इन डाइवर्सिटी प्रदर्शन ने यह दिखाया कि विविधता में एकता कितनी सशक्त और सुंदर हो सकती है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी साझा जिम्मेदारी ने अद्भुत परिणाम दिए हैं। विश्व शरणार्थी दिवस 2025 पर डब्ल्यूएचओ की अपील ने याद दिलाया कि स्वास्थ्य हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। वैश्विक और स्थानीय प्रयासों से हम समावेशी, न्यायपूर्ण और प्रभावशाली स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण कर सकते हैं। एसडीजी 17 (साझेदारी) के माध्यम से यह सिद्ध होता है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु संरक्षण और समान अवसर केवल तब संभव हैं, जब देश और समुदाय एकजुट हों। एकता केवल समस्याओं का समाधान नहीं करती, बल्कि नई उम्मीदें और विकास की राह भी खोलती है। व्यक्तिगत स्तर पर मानव एकता की चिंगारी छोटे-छोटे कर्मों से जलती है। जब पड़ोसी एक-दूसरे का सहारा बनते हैं, अजनबी अपना लगता है और समुदाय के साधारण प्रयास जैसे मोहल्ला साफ-सफाई अभियान, रक्तदान शिविर, भोजन वितरण या सामाजिक सेवा गतिविधियाँ बड़े परिवर्तन लाते हैं। समाज के ये छोटे कदम यह संदेश देते हैं कि मानवता की शक्ति केवल बड़े संगठनों या सरकारों से नहीं आती, बल्कि हमारे छोटे-छोटे, परिपूर्ण कर्मों से भी जन्म लेती है और जीवन में वास्तविक बदलाव लाती है।

कल्पना कीजिए, जब एक बच्चा स्नेह और मदद पाता है, कोई वृद्ध सुरक्षित और संरक्षित महसूस करता है, कोई शरणार्थी जीवन में पहली बार आशा की किरण देखता है - यही छोटे-छोटे कदम मानवता की सबसे महान क्रांति की शुरुआत बनते हैं। वास्तविक मानव एकता केवल संपत्ति, संसाधन या शक्ति से नहीं आती, बल्कि साझा संवेदनाओं, सहयोग, समझ और करुणा से जन्म लेती है। यही वह शक्ति है, जो समाज के हर कोने में बदलाव लाती है और उम्मीदों के दीप प्रज्वलित करती है। आज की दुनिया में चुनौतियाँ विशाल और जटिल हैं, लेकिन मानवता की साझा शक्ति उनसे भी कई गुना बड़ी और अजेय है। अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हर भिन्नता, हर मतभेद और हर दूरी के बावजूद हम एक हैं, हम अटूट हैं। यह दिन कहता हैः हमारी विविधता हमारी ताकत है, हमारी करुणा हमारा सबसे बड़ा हथियार है और हमारी साझेदारी ही हमारी वास्तविक शक्ति है। जब हम एकजुट होते हैं, तब कोई संकट हमें रोक नहीं सकता, कोई चुनौती हमें पीछे नहीं खींच सकती।

# नवगठित ब्यावर जिलाः अपराध बेलगाम, पुलिस व्यवस्था कटघरे में

## कानून के पहरेदार ही सवालों के घेरे में, ब्यावर में कौन सुरक्षित?



अनिल सिखवाल
वरिष्ठ पत्रकार
दैनिक बढ़ता राजस्थान
जिला ब्यावर

*गढ़ी थोरियान सेक्टर नंबर-4 में सूने मकान से हजारों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी होना हो या अन्य क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, हर मामला पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े करता है।*

नवगठित ब्यावर जिले को बने ज्यादा वक्त नहीं हुआ, लेकिन जिले की पहचान कानून-व्यवस्था से ज़्यादा चोरी, लूट, रिश्वत और पुलिस पर उठते सवालों से होने लगी है। हाल के दिनों में सामने आई घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि जिले की पुलिस व्यवस्था गंभीर अव्यवस्था से जूझ रही है एक ओर शहर और ग्रामीण इलाकों में लगातार चोरियों की वारदातें सामने आ रही हैं। गढ़ी थोरियान सेक्टर नंबर-4 में सूने मकान से हजारों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी होना हो या अन्य क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, हर मामला पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े करता है। अधिकांश मामलों में या तो एफआईआर दर्ज होने में देरी होती है या फिर जांच ठंडे बस्ते में चली जाती है।दूसरी ओर, पुलिस चौकियों और थानों में आम नागरिकों के साथ हो रहा व्यवहार भी चिंता का विषय बन चुका है। जवाजा थाने में एसीबी टीम व परिवादी के साथ हुई धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ पुलिसकर्मी खुद




को कानून से ऊपर समझने लगे हैं। जब निगरानी एजेंसियों के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिक की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं सबसे गंभीर और शर्मनाक मामला पाली एसीबी द्वारा रायपुर थाना क्षेत्र की पीपलिया कला पुलिस चौकी के एएसआई भागाराम को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने का है। एफआर लगाने के एवज में घूस मांगना और फिर पकड़े जाने पर भागने की कोशिश करना, यह न सिर्फ एक व्यक्ति की, बल्कि पूरी व्यवस्था की नैतिक विफलता को उजागर करता है। भागते समय आरोपी का घायल होना घटना की गंभीरता को कम नहीं करता, बल्कि यह दर्शाता है कि डर कानून का नहीं, पकड़े जाने का था इन सभी घटनाओं का एक साझा निष्कर्ष निकलता है—नवगठित ब्यावर जिले में अपराधियों का हौसला बुलंद है और पुलिस की साख कमजोर होती जा रही है। सवाल यह नहीं है कि चोरियां क्यों बढ़ रही हैं, सवाल यह है कि पुलिस उन्हें रोक क्यों नहीं पा रही। सवाल यह भी है कि क्या जिले में पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है या फिर निजी स्वार्थ?यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, ईमानदार अधिकारियों को खुला समर्थन और भ्रष्ट तत्वों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो नवगठित जिला 'सुशासन' की बजाय 'अपराध और अव्यवस्था' की पहचान बन जाएगा।अब भी वक्त है कि जिला पुलिस नेतृत्व आत्ममंथन करे, व्यवस्था को दुरुस्त करे और जनता का भरोसा वापस जीते। वरना सवाल पूछते रहेंगे, और जवाब देने वाला कोई नहीं बचेगा।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### सांस लेने की आजादी



रात में बारिश हुई थी और अब काले-काले बादल आसमान में इधर से उधर घूम रहे हैं; कभी-कभी छिटपुट बारिश की खूबसूरत छटा बिखेरते हुए। मैं बौर आए सेब के पेड़ के नीचे खड़ा हूँ और साँसें ले रहा हूँ। सिर्फ सेब का यह पेड़ ही नहीं, बल्कि इसके चारों ओर की घास भी आर्द्रता के कारण जगमगा रही है; हवा में व्याप्त इस सुगंध का वर्णन शब्द नहीं कर सकते। मैं बहुत गहरे साँस खींच रहा हूँ और सुवास मेरे भीतर तक उतर आती है। मैं आँखें खोलकर साँस लेता हूँ, मैं आँखें मूँदकर साँस लेता हूँ, मैं यह नहीं बता सकता कि इनमें से कौन-सा तरीका मुझे अधिक आनंद दे रहा है। मेरा विश्वास है कि यह एकमात्र सर्वाधिक मूल्यवान स्वतंत्रता है, जिसे कैद ने हमसे दूर कर दिया है; यह साँस लेने की आजादी है, जैसे मैं अब ले रहा हूँ। इस संसार मेरे लिए यह फूलों की सुगंध भरी मुग्ध कर देने वाली वायु है, जिसमें आर्द्रता के साथ-साथ ताजगी भी है। यह कोई विशेष बात नहीं है कि यह छोटी-सी बगीची है, जो कि चिडियाघर में लटके पिंजरों-सी पाँच मंजिले मकानों के किनारे पर है। मैंने मोटर साइकिलों के इंजन की आवाज, रेडियो की चिल्ल-पों, लाउडस्पीकरों की बुदबुदाहट सुनना बंद कर दिया है। जब तक बारिश के बाद किसी सेब के नीचे साँस लेने के लिए स्वच्छ वायु है, तब तक हम खुद को शायद कुछ और ज्यादा जिंदा बचा सकते हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# रात को सोने से पहले तिल के तेल से करें पैर के तलवों की मालिश, दूर होंगी ये समस्याएं

रात को सोते समय पैर के तलवों की तेल से मालिश करना बहुत फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। आयुर्वेद में पैरों के तलवों में तेल लगाने के कई फायदे बताए गए हैं। आयुर्वेद में इसे पादाभ्यंग कहा जाता है। क्या आप जानते हैं कि रात को सोने से पहले पैर के तलवों की तिल के तेल से मालिश करने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**जोड़ों के दर्द और सूजन से राहत दिलाए :** पैर के तलवों की तिल के तेल से मालिश करने से जोड़ों के दर्द और सूजन से राहत मिल सकती है। दरअसल, इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, इससे नसों को भी आराम मिलता है। विशेष रूप से, इससे गठिया में होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।

**-ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है :** रात को सोने से पहले पैरों के तलवों की तिल के तेल से मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे मांसपेशियों की थकान और तनाव कम होता, जिससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। अगर आप रात को सोने से पहले तलवों पर तिल के तेल मालिश करेंगे, तो इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे। तनाव कम करे रात को सोने से पहले तिल के तेल से पैर के तलवों की मालिश करने से तनाव को कम करने में मदद मिलती है। यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। साथ ही, यह रक्त परिसंचरण को बेहतर करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी नए घर मकान दुकान आदि की खरीदारी करना बेहतर रहेगा। अपने पिताजी से सलाह लेकर कोई नया काम करेंगे।

### वृष
आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपनी कमियों को दूर करके आगे बढऩे की आवश्यकता है।

### मिथुन
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, क्योंकि उन्होंने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आप अत्यधिक मिर्च मसाले वाले भोजन से परहेज रखें।

### कर्क
आज आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में खूब लगेगा। आप भगवान के भक्ति में लीन रहेंगे, लेकिन वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकते हैं।

### सिंह
आज आपके मन में यदि किसी काम को लेकर कोई संशय हो, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। माताजी कोई जिम्मेदारी देगी। भाई व बहनों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा।

### कन्या
आज आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आप अपने आसपास रह रहे लोगों से काम को लेकर यदि कोई सलाह लेंगे, तो वह आपके खूब काम आएगी।

### तुला
आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपके कामों में भी समस्याएं खड़ी होगी, जिससे आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए किसी नए काम में हाथ डालने के लिए रहेगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और भाई व बहनों का भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको अपने किसी पुराने मित्र की याद सताएगी और बिजनेस में उतार-चढ़ाव रहने से आप घबराएंगे नहीं अपनी योजनाओं को लेकर आप पूरी मेहनत करेंगे।

### मकर
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है, क्योंकि बिजनेस में भी आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देंगी और जो लोग नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, उन्हें भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को बहुत ही सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा, क्योंकि आपसे जल्दबाजी के कारण गड़बड़ी हो सकती है। संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर आप परेशान रहेंगे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

## डीबीटी के माध्यम से हुआ विभिन्न योजनाओं की राशि का भुगतान लाभ पाकर खिले महिला लाभार्थियों के चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नव उत्थान-नई पहचान-बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 91 लाख पेंशनधारियों को लगभग 1100 करोड़ रुपये, पालनहार योजना के तहत 5.95 लाख लाभार्थियों को 103 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के तहत 5 हजार विद्यार्थियों को 2.5 करोड़ रुपये, पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत 1.55 लाख छात्रों को 15 करोड़ रुपये तथा 5000 लखपति दीदियों को 100 करोड़ की ऋण सहायता व टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों व छात्राओं, राजीविका की लखपति दीदियों ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।




जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने कहा कि राजीविका में स्वंय सहायता समूह की महिलाएं ग्रामीण भारत के महिला सशक्तिकरण का आधार है। मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त किया जा रहा है। महिलाएं राज्य सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार एवं गांव के विकास में सहयोग दे सकती है। जिलाध्यक्ष चन्दवीर सिंह चौहान ने कहा कि आज धौलपुर से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पेंशन योजना, पालनहार योजना, छात्रवृति योजना एवं राजीविका की स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से 1320 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया है। साथ ही लखपति दीदीयों, कृषि एवं पशु सखियों को टेबलेट वितरण, उनकी कार्य दक्षता को बढ़ाने में सहायक होगा।
कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। एसीइओ ललित कुमार ने राजीविका द्वारा संचालित कार्यो एवं प्रगति के बारे में बताया। इस दौरान प्रभु बाडोलिया, अंजली गुप्ता, शैलेन्द्र चौधरी, तरुण टिक्कीवाल मौजूद रहें।

## चहल-पहलः रणथंभौर दुर्ग के मुख्य गेट पर दो शावकों संग पहुंची बाघिन रिद्धि, 15 मिनट तक की चहल-कदमी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर नेशनल पार्क के बीच स्थित रणथंभौर दुर्ग के मुख्य गेट पर विगत दिवस एक बार फिर बाघिन रिद्धि और उसके दो शावक आ पहुंचे. इससे यहां एक बार तो हडकंप मच गया. हालांकि जोगी महल के गेट पर तैनात वनकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और बाघिन व उसके शावकों की ट्रैकिंग शुरू की. दुर्ग के गेट पर करीब 10 से 15 मिनट तक चहलकदमी करने के बाद बाघिन रिद्धि और उसके शावकों ने जोन नंबर तीन की ओर रुख किया। मौके पर मौजूद रणथंभौर गणेश मंदिर के प्रधान सेवक ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे बाघिन रिद्धि और उसके दो शावक रणथंभौर दुर्ग के गेट पर आ गए. जिससे यहां मौजूद श्रद्धालुओं में भय का माहौल बन गया. इस दौरान जोगी महल गेट पर तैनात वनकर्मी मौके पर पहुंचे और लोगों को बाघिन व उसके दोनों शावकों के मूवमेंट से दूर किया. यहां करीब 15 मिनट तक बाघिन व उसके शावक चहलकदमी करते रहे. जिसके बाद बाघिन व उसके शावकों ने जोन नंबर तीन की ओर रूख किया. जिसके बाद यहां श्रद्धालुओं और वनकर्मियों ने राहत की सांस ली।

**रणथंभौर दुर्ग के मुख्य गेट पर बाघिन और शावकों का मूवमेंट**

मंदिर के प्रधान सेवक ने बताया कि गणेश मंदिर जाते समय दुर्ग के मुख्य द्वार पर बाघिन और उसके शावकों को अठखेलियां करते हुए देखा. यहां मौजूद पर्यटकों और मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं ने कई देर तक बाघिन के दीदार किए. प्रधान सेवक ने बताया कि करीबन 15 मिनट तक बाघिन और उसके शावकों ने मुख्य द्वार पर चहलकदमी की. प्रधान सेवक का कहना है कि दुर्ग की टूटी दीवारों को निर्माण कर सुरक्षित किया गया है. वहीं वन विभाग के द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

## एसडीएम टोंक ने 3 बूथ लेवल अधिकारियों को किया निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** विधानसभा क्षेत्र टोंक (96) में कार्य में लापरवाही बरतने, कर्तव्य पर उपस्थित नही होने, आदेशों की अवहेलना करने के कारण तीन बूथ लेवल अधिकारी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, एसडीएम टोंक हुक्मीचन्द रोहलानिया ने निलम्बित किया। एसडीएम टोंक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र टोंक में नव सृजित मतदान केन्द्रो पर नियुक्त किये गये 3 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा कर्तव्य पर उपस्थित नही होने पर राजकीय दरबार उमावि टोंक के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सौरभ जैन, राउमावि मालियों की झोपडिया मेहन्दवास के कनिष्ठ सहायक लोकेश झारोटिया, एंव राउप्रावि शुक्लपुरा हथोना प्रबोधक इसरार अहमद को निलम्बित किया गया। निलम्बन उपरान्त तीनों कार्मिको का मुख्यालय तहसील कार्यालय कार्यालय टोंक रखा गया है।

## 7 दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन, गहलोद गांव हमले को लेकर सर्व समाज ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले के गहलोद गांव में आपसी रंजिश के चलते 2 पक्षों में झगड़े का मामलें में शुक्रवार को सर्व समाज के लोगों ने टोंक जिला मुख्यालय पहुंच जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ओर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव को ज्ञापन सौंप सात दिनों में घटना के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ओर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि बीते 17 दिसंबर को गहलोद गांव में चौराहा पर हमलावरों ने सरेआम लकडिय़ों और धार हथियारों से मुकेश जाट, कालूराम जाट पर हमला कर दिया। जो अभी अस्पताल में ज़िंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे है, घटना के 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक घायलों के बयान लिए गए और ना ही घटना के आरोपियों पर कोई कानूनी कार्रवाई की है। आक्रोशित लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गयी तो सर्व समाज द्वारा बहुत बड़ा आन्दोलन आंदोलन किया जाएगा।

## विकास रथों के माध्यम से सरकार की योजनाओं का हो रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 25 दिसम्बर तक विधानसभावार विकास रथों का संचालन किया जा रहा है। राज्य सरकार के दो वर्ष विकास और जनकल्याण की थीम पर सुसज्जित ये विकास रथ आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विकास रथ प्रतिदिन जिले की चारों विधानसभाओं की ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच रहे हैं। रथों के माध्यम से राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं कार्यक्रमों एवं नवाचारों की जानकारी लघु फिल्मों ऑडियो विजुअल प्रस्तुतियों एवं प्रचार सामग्री के वितरण द्वारा दी जा रही है। जिससे ग्रामीणजन सरकार की नीतियों एवं लाभकारी योजनाओं से भली.भांति अवगत हो सकें। अधिकारियों ने आमजन से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## जयपुर-सवाई माधोपुर रेलवे लाइन दोहरीकरण में मुआवजा विसंगति को लेकर चैनपुरा निवासियों ने एसडीएम को सौंपी आपत्तियां



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जयपुर-सवाई माधोपुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य में अधिग्रहित की गई चैनपुरा की जमीनों के मुआवजे में विसंगति को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी निवाई को आपत्तियां सौंपीं। चैनपुरा निवासी हेमंत शर्मा एवं सांवरमल शर्मा ने बताया कि रेलवे लाइन दोहरीकरण के तहत अधिग्रहित की गई जमीनों के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके कारण भू-स्वामियों को बहुत कम मुआवजा राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अधिग्रहित भूमि आबादी क्षेत्र से लगभग 500 मीटर के भीतर स्थित है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से भी 500 मीटर की दूरी के अंदर आती है। वहीं कुछ जमीनें तो रेलवे स्टेशन से मात्र 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं, इसके बावजूद उनका मूल्यांकन कम दरों पर किया गया है। इस समस्या को लेकर बड़ी संख्या में भू-स्वामी एसडीएम कार्यालय निवाई पहुंचे और औपचारिक रूप से अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। इस पर एसडीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुनः भूमि नपाई कराने का आश्वासन दिया तथा किसानों एवं भू-स्वामियों के हितों की पूरी तरह से रक्षा करने की बात कही।

## गौतम ने जिला कारागृह सवाई माधोपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचाराधीन प्रकरण शशि उर्फ शशि चिकना विवेकानंद जुरमानी बनाम महाराष्ट्र राज्य एसएलपी (क्रिमिनल) संख्या 12690/2025 में पारित आदेश की पालना में समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर के उपाधीक्षक बिहारीलाल एवं जेलर ताराचंद शर्मा से ऐसे विचाराधीन बंदियों के संबंध में जानकारी ली गई, जिन्हें ट्रायल कार्यवाही के दौरान अदालत के सामने पेश होने में समस्या आ रही है, साथ ही पेश न होने के कारणों एवं सिस्टमैटिक कमी के संबंध में भी जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त ऐसे बंदीगण की जानकारी प्राप्त की गई, जिन्होंने अपराध की निर्दिष्ट अधिकतम अवधि के आधे से अधिक या एक तिहाई तक की अवधि हिरासत में व्यतीत कर ली है।

साथ ही बंदियों के पास अधिवक्ता की उपलब्धता, जेल विजिटिंग लॉयर व जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से की गई कार्यवाही एवं बंदीगण के साथ उनका प्रभावी रूप से संवाद आदि के संबंध में जानकारी ली गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपाधीक्षक बिहारीलाल को बंदियों के पास अपने मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं विचाराधीन बंदियों को ट्रायल कार्यवाही के दौरान अदालतों के सामने नियत समय पर व्यक्तिशः या वर्चुअल रूप से पेश करने आदि के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकार मित्र मगनलाल मीना उपस्थित रहे।

## पीएम जनआरोग्य योजना से जुड़ी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (माँ) योजना के अंतर्गत अब प्रदेश के नागरिक राज्य के बाहर भी कैशलैस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठा सकेंगे। आउट बाउंड पोर्टेबिलिटी की सुविधा 19 से लागू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की है, राजस्थान के निवासियों को राज्य से बाहर सिर्फ दो राज्यों तमिलनाडु व कर्नाटक को छोड़ देश के हर राज्य में सुविधा का लाभ मिल सकेगा।
आयुष्मान आरोग्य योजना के सभी पात्र लाभार्थी पीएमजेएवाई एप्लिकेशन के माध्यम से बाहर के सूचीबद्ध अस्पतालों से जुड़ जाएंगे, जहां वे इलाज करा सकेंगे। वर्तमान में राज्य के 1800 अस्पताल योजना से जुड़े हैं। अब इस एकीकरण का लाभ यह भी होगा कि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना से संबद्ध अन्य राज्यों के 31 हजार और नए अस्पताल जुड़ जाएंगे।

**केंद्रीय एजेंसी के साथ एकीकृत किया**

अब राज्य सरकार की राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी (आरएसएचएए) ने नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज के साथ इंटीग्रेशन पूरा कर लिया है। आउट बाउंड पोर्टेबिलिटी के लिए लाभार्थी की पात्रता निर्धारित करने को गोल्डन एपीआई विकसित की गई है। यह जनाधार आईडी, पीएमजेएवाई कार्ड और वय वंदना योजना नामांकन से संबंधित डेटा को मर्ज करने के साथ ही राज्य के लाभार्थियों को इससे जोड़ा गया है, ताकि वे पूरे देश में पात्र हो जाएं। राजस्थान एनएचसीएक्स के माध्यम से आउट बाउंड पोर्टेबिलिटी करने वाला पहला राज्य बन गया है।

## सुशासन सप्ताह में फरियादियों को मिल रही राहत, सालों से अटकें कामों को मिल रही गति

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत टोंक जिले में विभिन्न पंचायत समितियों में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित किये गये है। शुक्रवार को ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत दी गई। साथ ही इन शिविरों में लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत सांखना में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान सेवा शिविर में परिवादी पप्पू लाल वर्मा पुश्तैनी मकान का पट्टा बनवाने के लिए कई वर्षो से इंतजार कर रहा था। शिविर में जाकर परिवादी ने पट्टा बनवाने का आवेदन किया। परिवादी के सम्बन्धित दस्तावेज देखकर ग्राम पंचायत कार्मिकों ने मौके पर ही उसका पट्टा बना दिया। सुगमता से पट्टा मिलने पर पप्पू लाल वर्मा बहुत खुश हुआ और उसने सरकार के शिविर आयोजन की सराहना की।



इसी तरह पंचायत समिति देवली की ग्राम पंचायत धुवांकला में भी ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में परिवादी बन्टी कुमार मीणा निवासी कलन्दरपुरा को शिविर की जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही परिवादी अपने मकान का पट्टा बनवाना चाहता था। इसलिए उसने शिविर में जाकर ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा करावाये। उपखंड उनियारा में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में परिवादी इमरान मन्सूरी व कल्ली के बीच ग्राम नयागांव में खाता संख्या 124 में दर्ज खसरा कुल रक्बा 0.8389 हेक्टर का सहमति से विभाजन किया गया। उपखंड अधिकारी पूजा मीना ने बताया कि शिविर में आये दोनों परिवादी 25 वर्षो से संयुक्त खातेदार थे। अपनी समस्या एवं सहमति से विभाजन होने पर दोनों खातेदारों ने प्रसन्नता जाहिर की और सुशासन सप्ताह के तहत लगाये गये शिविरों में समस्या का समाधान होने पर सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## विकास रथः आम लोगों को दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के के लिए जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। इन विकास रथों में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आमजन को ऑडियो वीडियो प्रस्तुतीकरण द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं नीतिगत सुधारों की जानकारी दी जा रही है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने बताया कि अभियान के तहत शुक्रवार को विकास रथ प्रतिदिन रूट चार्ट अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुँच रहे हैं। विकास रथों के आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विकास रथों का स्वागत किया गया, वहीं बड़ी संख्या में नागरिकों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार के दो वर्षों के रिपोर्ट कार्ड को उत्साहपूर्वक देखा। इस दौरान आम लोगों को योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं का वितरण कर आमजन को योजनाओं की पात्रता, प्रक्रिया एवं लाभ के बारे में अवगत कराया जा रहा है। नागरिकों ने उत्साह के साथ वीडियो प्रस्तुतियों को देखा तथा सुझाव पेटी में अपने विचार एवं सुझाव भी साझा किए।



**आज इन स्थानों पर पहुँचेंगे विकास रथ**

उन्होंने बताया कि 20 दिसम्बर को विकास रथ सवाई माधोपुर की रा.उ.मा.वि. सांकड़ा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय श्यामोली, पंचायत भवन ऐबरा, मकसूदनपुरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में, गंगापुर सिटी की उदेईकलां, उदेई खुर्द, महानन्दपुर डयोडा, पिलोदा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में, खण्डार की कुस्तला के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुई, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रवांजना चौड़ में तथा बामनवास की डाबर, चांदनहोली एवं बिछोछ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, बस स्टेण्ड बरनाला तथा सुन्दरी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में पहुँचकर आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराएंगे।

## निःशुल्क अर्श भगंदर शल्य चिकित्सा शिविर में ऑपरेशन थिएटर का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान द्वारा टोडारायसिंह में चल रहे निःशुल्क अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में आज समाज सेविका एवं ब्लिस डायरेक्टर राधा चौधरी एवं संत कुमार जैन जिला महामंत्री भाजपा ,बाबूलाल ठग पूर्व पार्षद एवं डॉ रामसहाय बेरवा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग टोंक के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर ऑपरेशन थिएटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक आयुर्वेद ने बताया कि आउटडोर औषधि वितरण जांच लैबोरेट्री का भी निरीक्षण कराया। औषधि पादप प्रदर्शनी का निरीक्षण करवा कर उसका उनके गुणधर्म बताए गए एवं स्वास्थ्य संरक्षण प्रदर्शनी एवं महिला /पुरुष भर्ती वार्ड का भी अवलोकन कराया गया। जिसमें उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था देखकर आयुर्वेद स्टाफ की बहुत सराहना की एवं भर्ती मरीजों से भी कुशलक्षेम पूछी । शिविर प्रभारी डॉ लोकेंद्र गुप्ता ने बताया कि आउटडोर में नियमित सेवाएं रोजाना प्रातः 9:00 से 3:00 बजे तक रहेगी जिसमें गंभीर रोगियों को परामर्श एवं निशुल्क दवा दी जाएगी।आज शिविर में रोगियों की चिकित्सा परामर्श देकर निःशुल्क दवा दी गई एवं आज भी ऑपरेशन योग्य मरीजों को आज भी भर्ती किया गया एवं आयुर्वेद शल्य विशेषज्ञ ने का ऑपरेशन किया गया।



# प्रिंसीपल की रिश्वतखोरी से लटका इंटर्न छात्रों का भविष्य

### बगैर हस्ताक्षर जारी नहीं हो रहा 87 छात्रों का पूर्णता प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल की रिश्वतखोरी से इंटर्न छात्रों का भविष्य अधर लटक गया है। कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे नब्बे के करीब छात्र अब पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए तरस रहे हैं। प्रिंसीपल के बगैर यह सर्टिफिकेट जारी नहीं हो सकता और न वाइस प्रिंसीपल जारी कर सकते हैं। कई छात्रों की इंटर्नशिप पूरी हुए सप्ताहभर बीत गया, लेकिन सर्टिफिकेट के बगैर वे घर नहीं जा पा रहे। छात्रों ने इस सम्बंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर से भी मुलाकात की है।

### सर्टिफिकेट से तय होगी अगली प्रक्रिया

पूर्णता प्रमाण पत्र के आधार पर ही इंटर्न छात्र आगे की प्रक्रिया कर सकेंगे। राजस्थान मेडिकल कौंसिल में रजिस्ट्रेशन से लेकर पीजी में दाखिले के लिए यह प्रमाण पत्र आवश्यक रहेगा। ऐसे में इंटर्नशिप पूरी होने के बाद भी छात्र इस पूर्णता प्रमाण पत्र के इंतजार में बैठे हैं।

### इसलिए यहीं रहने की विवशता

सीकर व चूरू जिले की रहने वालीं इंटर्न छात्राओं ने बताया कि गत दिनों उनकी इंटर्न पूरी हो चुकी है। अब कम्पलीशन सर्टिफिकेट मिलने पर आगे की तैयारी कर सकेंगे। प्रमाण पत्र के लिए वे लोग अभी यहीं रहने को विवश है। क्या पता वे जाए और कोई व्यवस्था हो तो प्रमाण पत्र के लिए इतनी दूर से वापस आना पड़ेगा। वहीं, प्रमाण पत्र के बगैर आगे की प्रक्रिया भी नहीं कर सकेंगे।

### अभी चार्ज नहीं दिया है...

प्रिंसीपल पद पर अभी किसी को चार्ज नहीं दिया गया है। इस बारे में राजमेस को भी लिखा गया है एवं जिला कलक्टर को भी बताया गया है।

**– डॉ. मलकेश मीणा,**
**अतिरिक्त प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज, सिरोही**

## सिंदरथ ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** गंभीर अनियमितताओं की शिकायत पर सिंदरथ ग्राम विकास अधिकारी नाथूलाल मीणा को निलम्बित किया गया है। जिला परिषद सीईओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल ने आदेश जारी कर बताया कि ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। इनके विरुद्ध विभागीय जांच विचाराधीन होने से जिला स्थापना समिति की बैठक में पारित निर्णय की पालना में निलम्बित किया है। इस दौरान मुख्यालय शिवगंज पंचायत समिति में रहेगा।

## नेक्स्नोज निर्माण एक्सपो एवं नॉलेज सेशन का भव्य शुभारंभ, देशभर के आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स और इंटीरियर डिजाइनर्स शामिल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** निर्माण एवं इंटीरियर डेकोरेशन क्षेत्र से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रदर्शनी 'नेक्स्नोज निर्माण एक्सपो' के आठवें संस्करण का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को शुभ केसर गार्डन में हुआ। तीन दिवसीय यह एक्सपो 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से उद्योग जगत के विशेषज्ञ, प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। आयोजक कंचन शर्मा ने बताया कि इस एक्सपो में भवन निर्माण एवं इंटीरियर सजावट से संबंधित नवीनतम मटीरियल, अत्याधुनिक तकनीक और नवाचारों को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया गया है। पहले ही दिन उदयपुर संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों विजिटर्स ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### नॉलेज सेशन में उभरे भविष्य के ट्रेंड्स

एक्सपो के साथ आयोजित नॉलेज सेशन में उदयपुर सहित देशभर से करीब 100 आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स एवं इंटीरियर डिजाइनर्स ने सहभागिता की। देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों और बदलते उपभोक्ता रुझानों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने कहा कि आज का युवा वर्ग अपने घर और प्रतिष्ठानों को विशिष्ट पहचान देना चाहता है, ऐसे में वही प्रोडक्ट और डिजाइन टिकाऊ साबित होंगे जो समय के साथ स्वयं को अपडेट करें। शाम को आयोजित विशेष सेमिनार में उदयपुर के प्रमुख उद्यमी एवं लघु उद्योग भारती के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर वंडर सीमेंट से परमानंद पाटीदार तथा निखारा मार्बल से प्रभास राजगडिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## जीप चला रही पत्नी की रील बना रहा था पति, बाइक सवार भाई-बहन को पत्नी ने रौंदा; दवा लेने जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** सोशल मीडिया के लिए रील बनाना श्रीगंगानगर जिले के चूनावढ़ में भाई-बहन के लिए भारी पड़ गया। सरकारी अस्पताल के पास तेज गति से चल रही एक जीप ने बाइक सवार भाई.बहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके पैर की हड्डी तीन जगह से टूट गई। घटना चूनावढ़ थाना क्षेत्र की है और बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। उसका भाई भी चोटिल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूनावढ़ कस्बे में सरकारी अस्पताल के नजदीक पति-पत्नी इंस्टाग्राम रील बना रहे थे। बताया गया कि महिला जीप चला रही थी, जबकि उसका पति उसका वीडियो शूट कर रहा था। इसी दौरान सामने से बाइक पर सवार होकर भाई-बहन दवाई लेने जा रहे थे। अचानक तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित हुई और बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार युवती सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से घायल युवती को चूनावढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

## 40 वर्षों की पहचान की पीड़ा का अंत -श्री पेमा भील को मिला न्याय

### नाम शुद्धीकरण हुआ तो नहीं रहा खुशी का ठिकाना

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पंचायत समिति रेलमगरा की ग्राम पंचायत धनेरिया निवासी श्री पेमा, पिता अमरा भील, पिछले चार दशकों से एक ऐसी समस्या से जूझ रहे थे, जिसने उनका जीवन ठहर सा दिया था। राजस्व अभिलेखों की जमाबंदी में विगत 40 वर्षों से उनका नाम प्रेम लाल पुत्र अमरा, जाति भील दर्ज चला आ रहा था, जो वस्तुतः अशुद्ध था। जब उन्हें सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों की ओर शिविर की जानकारी मिली, तो उन्होनो उपखण्ड अधिकारी महोदया एवं तहसीलदार साहब के समक्ष अपनी व्यथा रखी। उपखण्ड अधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल राहत प्रदान करने के आदेश दिए।

# स्याही से मैली हुई राजनीति, नगर परिषद सभापति और आयुक्त पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद की राजनीति एक बार फिर स्याही के छींटों से दागदार हो गई। नगर परिषद सभापति अशोक टांक और आयुक्त ब्रजेश रॉय पर निरीक्षण के दौरान स्याही फेंके जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यह घटना बालकृष्ण स्टेडियम परिसर में उस समय हुई, जब दोनों अधिकारी नगर परिषद से जुड़े विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे।अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के तुरंत बाद नगर परिषद कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद भाजपा आईटी सेल संयोजक व सांसद प्रवक्ता भरत दवे को पकड़ लिया, जबकि 4 से 5 अन्य हमलावर मौके से फरार होने में सफल रहे।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भाजपा नेता भरत दवे को डिटेन कर लिया।

वहीं घटना के विरोध में नगर परिषद कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया, जिससे नगर परिषद के कामकाज पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### आयुक्त ने दर्ज कराई शिकायत

नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश रॉय ने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### क्या बोले अधिकारी और जनप्रतिनिधि

नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा—यह घटना भाजपा की अंदरूनी कलह को उजागर करती है। स्याही फेंकना लोकतंत्र और कानून दोनों का अपमान है। वहीं नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश रॉय ने कहा हमलावरों ने राजकीय कार्य में बाधा डाली और यह कृत्य पूरी तरह अशोभनीय है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### विवाद की जड़



बताया जा रहा है कि यह पूरा घटनाक्रम सड़क नामकरण को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा हुआ है, जिसको लेकर पहले से ही राजनीतिक तनाव बना हुआ था।फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। राजसमंद की राजनीति में हुई इस घटना ने कानून-व्यवस्था और राजनीतिक मर्यादाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव 'द स्पेक्ट्रम'

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 में वार्षिक उत्सव 'द स्पेक्ट्रम' का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं एन.पी.सी.आई.एल. आर.आर. साइट के साइट डायरेक्टर डी. सुब्बाराव रहे। उन्हें एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी अधिकारी डी.आर. गोचर के निर्देशन में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एन.पी.सी.आई.एल. आर.आर. साइट की इकाई 5 एवं 6 के स्टेशन डायरेक्टर एवं सह-अध्यक्ष विद्यालय स्थानीय प्रबंध समिति यश लाला तथा भारी पानी संयंत्र कोटा के जनरल मैनेजर एवं सह-अध्यक्ष विद्यालय स्थानीय प्रबंध समिति पी. सतीश उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एन.पी.सी.आई.एल. इकाई 1 व 2 के स्टेशन डायरेक्टर आर.के. सेठ, सीआईएसएफ कमांडेंट पी.डी. गैसंग और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। प्राचार्य महेंद्र कुमार मीणा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डी. सुब्बाराव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और एन.पी.सी.आई.एल. की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के सीबीएसई कक्षा 10 व 12 के टॉपर्स, अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं तथा विद्यालय स्तर की सीसीए एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाल वाटिका से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, एकांकी एवं ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मंशापूर्ण करणीमाता का वार्षिक भण्डारा कल

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री मंशापूर्ण करणीमाता विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित माछला मगरा सिथत श्री मशापूर्ण करणीमाता मन्दिर का वार्षिक भण्डारा मन्दिर परिसर में रविवार को होगा। अध्यक्ष ललित चोपड़ा ने बताया कि शनिवार सांय 4 बजे हवन होगा एवं रविवार प्रातः 8 बजे श्री कर्णेश्वर महादेव मन्दिर विद्वान पण्डितों द्वारा रूद्राभिषेक किया जायेगा, तत्पश्चात ढोल नगाड़ों के साथ्ळा माताजी को भोग अर्पण किया जायेगा। प्रातः पौने ग्यारह बजे मुख्य आरती एवं उसके बाद नव कन्यापूजन किया जायेगा। भण्डारे का आयोजन प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक रहेगा। कार्यकारिणी संरक्षक प्रमोद सामर,उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल झंवर,सचिव चन्द्रशेखर कुमावत,कोषाध्यक्ष राकेश गदिया ने आयोजन संबंधी कार्यो को बांटा।

# मकान आवंटन में हेराफेरी, एक मकान के दो मालिक

- मकान में शिफ्ट होने आए मालिक को दिखा दूसरा मालिक
- झगड़ा बढ़ने पर नगर परिषद पहुंचे तो करवाया समझौता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित मकानों में हेराफेरी का मामला सामने आया है। एक ही मकान दो जनों को आवंटित कर दिया गया। मामला उस समय खुला जब मकान को ताला लगाकर गया मालिक सामान लेकर आया। आने पर उसे अपना मकान खुला मिला तथा उसमें कोई रहता दिखा। दोनों ही अपने को मकान का दावेदार जताने लगे। कोई नतीजा नहीं निकला तो दोनों पक्ष नगर परिषद पहुंचे। यहां लोगों ने बीच-बचाव कर समझौता करवाया। बताया जा रहा है कि नगर परिषद की ओर से आवंटन पर आवंटन हो जाने से एक ही मकान के दो मालिक बनए गए। समझौते के तहत एक मालिक को अब दूसरा मकान आवंटित किया जाएगा।

### रहने आए तो मकान में दूसरा रहता मिला

बताया जा रहा है कि एक मालिक को कुछ समय पहले मकान आवंटित किया गया था। उसने साफ-सफाई करवाई तथा ताला लगाकर चला गया। अब सामान लेकर शिफ्ट होने आया तो यहां कोई और ही मालिक मिला। पता चला कि उसे हाल ही में मकान आवंटित हुआ है तथा उसने शिफ्ट कर लिया है।

### नगर परिषद ने किया आवंटन पर आवंटन

हकीकत क्या है यह तो जांच में ही पता चलेगा, लेकिन प्रथमदृष्टया नगर परिषद की गलती दिख रही है। विवाद होने पर जब दोनों पक्ष नगर परिषद पहुंचे तो यहां दस्तावेज जांचने पर पता चला कि दोनों को एक ही मकान आवंटित हो गया है। गलती सामने आने पर नगर परिषद अधिकारी भी हक्का-बक्का रह गए। अब नगर परिषद अधिकारियों ने अपनी गलती छिपाने के लिए एक पक्ष को दूसरा मकान आवंटित करने का समझौता करवाया है।

*हमारा अंदरूनी मामला है...*

***मकान आवंटन का विवाद हुआ था, लेकिन छोटा सा मामला था। यह हमारा अंदरूनी मामला था, जिसे मिल-बैठकर सुलझा दिया है। इसमें बताने वाली कोई बात नहीं है।***

***- पंकजकुमार, सहायक अभियंता, नगर परिषद, सिरोही***

# श्री एकलिंग नाथ सेवा संगठन नायरा गृह उद्योग से जोडेगा सैंकडों महिलाओं को, आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से नारी वैभव मुहिम के तहत बडी संख्या में महिलाओं को रोजगार से जोडने के लिए नायरा गृह उद्योग नाम से नया प्रकल्प शुरु किया जा रहा है। इस प्रकल्प में उदयपुर संभाग के सभी जिलों में महिलाओं को जोडा जाएगा। इस प्रकल्प के विस्तार के कारण संगठन की ओर से आयोजित होने वाले सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर किया जाएगा।

श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि विभिन्न महिला संगठनों की ओर से की गई मांग पर विचार करने के बाद संगठन ने अब नायरा गृह उद्योग की ओर कदम रखा है। नारी वैभव मुहिम के तहत महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर व मेहंदी प्रशिक्षण शिविर चलाया गया जिसमें सैंकडों की संख्या में महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। संगठन ने अब एक कदम और आगे बढाते हुए नायरा गृह उद्योग नाम से नया प्रकल्प शुरु किया है। इसके तहत जरुरतमंद महिलाओं को रोजगार से जोडने के लिए उन्हें अगरबत्ती, पापड, मसाला, अचार व अन्य घरेलू सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें घर पर ही काम दिया जाएगा और उनके उत्पादों को नायरा गृह उद्योग के नाम से ही सेल किया जाएगा। इस तरह हजारों महिलाओं को घर बैठे ही रोजगार से सीधा जोड दिया

## यूरो वर्ल्ड स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत सत्य लक्ष्य यूरो वर्ल्ड स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें जीवन के सही मूल्यों की ओर प्रेरित करना है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने कहा कि आज के समय में नशा समाज के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है, जो धीरे-धीरे हमारी युवा पीढ़ी की ऊर्जा, सपनों और भविष्य को निगलता जा रहा है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि सफलता केवल बड़े पद, पैसा या नाम कमाने में नहीं होती, बल्कि अपने माता-पिता का सम्मान बनाए रखना, उनके सपनों को पूरा करना और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनना भी सबसे बड़ी उपलब्धि है। सत्य लक्ष्य यूरो वर्ल्ड स्कूल विद्यालय की प्रिंसिपल ममता मुंजाल, निदेशक डॉक्टर अशोक अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए, ताकि विद्यार्थी सही उम्र में सही निर्णय लेना सीखें और समाज को एक स्वस्थ, सशक्त और नशा-मुक्त दिशा मिल सके। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने, नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ली।



# महावीर शिशु मंदिर में बच्चों को पानी की बोतल व टॉफी वितरित, दिया गया नैतिक संस्कारों का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** महावीर शिशु मंदिर की सेवा समिति के सचिव एम. एल. जारोली ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कैलाश चंद मौर्य एवं उनके परिवार द्वारा महावीर शिशु मंदिर के समस्त बच्चों को पानी की बोतल एवं टॉफी वितरित की गई।

इस अवसर पर उनके परिवारजन श्रीमती पुष्पा बाई, नूतन मौर्य, रोहित मौर्य, आशा मौर्य, ज्योति मौर्य सहित महावीर शिशु मंदिर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती मौर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए, अपने गुरुजनों एवं माता-पिता का चरण वंदन करना चाहिए तथा पढ़ाई में एकाग्रचित होकर भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए।

गिफ्ट प्राप्त कर सभी बच्चे अत्यंत प्रसन्नचित नजर आए।

## 49वें खान सुरक्षा सप्ताह के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में वंडर सीमेंट की भट्टकोटडी एवं धनोरा लाइमस्टोन माइन्स पुरस्कृत



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ ( संजय खाबिया)।** खान सुरक्षा निदेशालय उदयपुर क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित 49वें खान सुरक्षा सप्ताह के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के दौरान वंडर सीमेंट की भट्टकोटडी लाइमस्टोन माइन्स को ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ । वंडर सीमेंट की भट्टकोटडी एवं धनोरा लाइमस्टोन माइन्स को विभिन्न श्रेणियों में कुल 8 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन ने माइन्स विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। साथ ही भविष्य में भी खान सुरक्षा तथा खनिज संरक्षण के क्षेत्र में निरन्तर बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की जावर माइन्स में आयोजित किया गया। जिसमें खान सुरक्षा महानिदेशालय, उदयपुर के उप महानिदेशक (उत्तर पश्चिमी अंचल) आर टी मंडेकर द्वारा वंडर सीमेंट लि. के सहायक उपाध्यक्ष (माइन्स) ओ. पी. राजपुरोहित सहित माइन्स विभाग के प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में डीजीएमएस के अन्य पदाधिकारी गण विभिन्न माइन्स के एजेंट, ओनर, मैनेजर एवं श्रमिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वंडर सीमेंट लि. को खान सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाता रहा हैं।

## जे.के.सीमेंट वर्क्स, निम्बाहेड़ा ने ग्राम मुरलिया में मिशन लाइफ जागरूकता अभियान आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट वर्क्स, निम्बाहेड़ा द्वारा



भारत सरकार की मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) पहल के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, ग्राम मुरलिया में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल चित्तौडग़ढ़ से रवि कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती किरण शर्मा तथा जे.के. सीमेंट से पर्यावरण प्रमुख चंद्रकांत तिवारी, सीएसआर विभाग से राहुल सिंह तथा पर्यावरण विभाग से रवि पाटीदार ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम तथा प्लास्टिक मुक्त परिसर को बढ़ावा देने हेतु विशेष गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर मिशन लाइफ पर आधारित जागरूकता सत्र, पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा नारा लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पर्यावरण- अनुकूल उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, कचरे में कमी लाने तथा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक से बचने की शपथ दिलाई गई।

## मातृभाषा आधारित शिक्षा को लेकर विधायक से भेंटकर अनुशंसा पत्र प्रेषित करने का आग्रह किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा (एमएलई) कार्यक्रम के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों को लेकर निर्माण सोसायटी संस्था के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर से भेंट की।इस दौरान संस्था के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर से राजस्थान के शिक्षा मंत्री को मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देने हेतु अनुशंसा पत्र भेजने का आग्रह किया गया। इस मौके पर पूर्व भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा सहित संस्था पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।संस्था प्रतिनिधियों ने बताया कि मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा मिलने से बच्चों की समझ,सहभागिता व सीखने की प्रक्रिया मजबूत होती है। विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने उक्त विषय को महत्वपूर्ण बताया एवं आश्वासन दिया कि उक्त संबंध में शिक्षा मंत्री से भेंट करेंगे एवं मातृभाषा आधारित शिक्षण के समर्थन में अनुशंसा पत्र प्रेषित किया जायेगा।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुशीला देवी माथुर को 15वीं पुण्यतिथि पर किया नमन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** स्वतंत्रता सेनानी एवं महिला आश्रम संस्था की निर्वतमान अध्यक्षा स्व. श्रीमती सुशीला देवी माथुर की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था के प्रबंधन पदाधिकारियों, प्रबंधन सदस्यों, स्टाफ सदस्यों, छात्राओं एवं भीलवाड़ा के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। महिला आश्रम संस्था की विभिन्न प्रवृत्तियों के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायी गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था सचिव वंदना माथुर ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. सुशीला माथुर का संपूर्ण जीवन नारी शिक्षा को समर्पित था। उन्हीं की प्रेरणा से महिला आश्रम संस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप एक ऐतिहासिक एवं गौरवशाली संस्थान में अध्ययन कर रही हैं, जिसकी स्थापना स्वतंत्रता से पूर्व हुई थी। इस अवसर पर पूर्व सभापति नगर परिषद ओम नराणीवाल, महिला आश्रम संस्था सदस्य सुमित्रा कांटिया, भीलवाड़ा कांग्रेस पेंशन प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष निरंजन राजस्थला, पूर्व सरपंच देवबक्श जाट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश क्षत्रिय, पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, पूर्व उपाध्यक्ष भीलवाड़ा नगर पालिका राजेन्द्र मारू, कैलाश तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन एवं महिला आश्रम संस्था की सभी प्रवृत्तियों के प्रधान उपस्थित थे। इस दौरान महिला आश्रम संस्था की विभिन्न प्रवृत्तियों में शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 70 प्रतिभावान छात्राओं को प्रेरणा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### केंद्र सरकार की आयुर्वेद चिकित्सा प्रसार योजना में चित्तौड़ बन रहा मिसाल, समापन 22 को

# विशाल निःशुल्क आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में करीब 5 हजार रोगी लाभान्वित हुए

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ ( संजय खाबिया)।** आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में अटल सामुदायिक भवन, गांधीनगर में आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क अर्श-भगन्दर आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर मैं बड़ी संख्या में रोगी आयुर्वेद के प्रति रुझान को लेकर उपचार का लाभ ले रहे हैं अब तक करीब 5 हजार रोगी उपचार का लाभ ले चुके हैं जबकि लक्ष्य से अधिक जिले से करीब 154 रोगियों की शल्य चिकित्सा की गई। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग, चित्तौडग़ढ़ डॉ. तरुण कुमार प्रमाणिक ने बताया

**शिविर में लक्ष्य से अधिक शल्य चिकित्सा , बनाया कीर्तिमान**



कि चित्तौडग़ढ़ जिले सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से अब तक लगभग 5 हजार रोगियों ने विभिन्न रोगों संबंधी उपचार का लाभ लिया। जिनमें से स्क्रीनिंग के उपरांत 154 रोगियों के शल्य उपचार किए गए है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की वैज्ञानिकता एवं क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा की प्रभावशीलता को देखते हुए चित्तौडग़ढ़ जिले के लगभग हर आयुर्वेदिक चिकित्सा ले क्षेत्र से रोगी उपचार के लिए यहां पहुंचे । शिविर स्थल पर रोगियों व उनके परिचय को के लिए माकूल इंतजाम किए गए हैं। डॉ. प्रमाणिक ने जानकारी दी कि चित्तौडग़ढ़ जिले सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से रोगी पहुंचे है, जिनमें से स्क्रीनिंग के उपरांत 150 रोगियों के शल्य उपचार का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। शिविर प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह मण्डलोई के साथ ही टीम में शल्य क्रिया का कार्य डॉ. यादराम गुर्जर, डॉ. उदयभानु एवं डॉ. किष्किंधा पंकज की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. वीरेन्द्र हाड़ा, डॉ. सौरभ सिंह हाड़ा, डॉ. ओमप्रकाश मीणा, डॉ. सरिता ए. कुमार, डॉ. विनोद, डॉ. अमन सैनी, डॉ. मनीष टांक, डॉ. गोपाल लाल धाकड़, डॉ. प्रज्ञा आर्य, डॉ. आलम अली, डॉ. अमीयबाला मोहन्ती एवं डॉ. गिरीराज धाकड़ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सहायक निदेशक डॉ. लवकुश पाराशर , वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी अनिल सिसोदिया एवं कार्यालय टीम व्यवस्था में जुटी है।

## कनेरा क्षेत्र में नव सृजित ग्राम पंचायत लुणखंदा व श्रीपुरा का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेडा विधानसभा के कनेरा घाटा क्षेत्र में नव सृजित ग्राम पंचायत लुणखंदा एवं श्रीपुरा का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने फीता खोलकर किया। इस अवसर पर दोनों ग्राम पंचायतों के नवीन कार्यालयों में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की, जबकि पूर्व प्रधान बगदीराम धाकड़, मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। समारोह के आरंभ में अतिथियों का ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत कर उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने अपने संबोधन में कहा कि नव सृजित ग्राम पंचायतें ग्रामीण स्वशासन को और अधिक सशक्त बनाती हैं। लुणखंदा एवं श्रीपुरा ग्राम पंचायतों के गठन से ग्रामीणों को



प्रशासनिक सुविधाएं उनके द्वार पर उपलब्ध होंगी, जिससे विकास कार्यों में गति आएगी। भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और ग्राम पंचायतें इस लक्ष्य की मजबूत कड़ी हैं। विधायक कृपलानी ने ग्राम पंचायत लुणखंदा के सचिव विनोद सेन एवं ग्राम पंचायत श्रीपुरा के सचिव नरेश सिंह शेखावत को विधिवत पदभार ग्रहण करवाते हुए उन्हें अपने दायित्वों के ईमानदार एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। समारोह में शंभूलाल अहीर, गोपाल पहलवान, सुरेशचंद काबरा, ओंकार सिंह राणावत, नाथूलाल कहार, सत्यनारायण शर्मा, जगदीश धाकड़, दिनेश मेघवाल, घनश्याम, बाबूलाल भांबी, रामनारायण धाकड़, शिवलाल धाकड़, सोहनलाल धाकड़, सुखलाल, मदन गोपाल धाकड़, राहुल धाकड़, दिलीप धाकड़, किशनलाल धाकड़, उमेश धाकड़, मुरली भांभी, सुनील अहीर, प्रहलाद धाकड़, विनोद अहीर, नवीन अहीर, गोरीलाल, भैरुदान चारण, शंभुदान चारण, मुकेश, मदनलाल अहीर, घनश्याम मालवीय, गोपाल सेन, शांतिलाल मेघवाल, कन्हैयालाल धाकड़, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली धाम के भंडार से निकली 14 लाख 65 हजार 865 की राशि

**आज होगी सिक्कों में मिली राशि की गणना**



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के मासिक भंडार गुरुवार को खोले गये।जिसमे 14 लाख 65 हजार 865 रु. की भेंट राशि प्राप्त हुई एवं सिक्कों की गिनती शेष रही।यहां श्री शनिमहाराज आली शनिधाम पर प्रत्येक महीने की अमावस्या से पूर्व चतुर्दशी पर प्रसिद्ध शनिधाम के भंडार खोले जाते हैं। श्री शनि महाराज आली मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार सुबह श्री शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना के बाद मंदिर के भंडार खोले गये।जिसमे मंदिर कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह,उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, संरक्षक पवन कुमार सांखला,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा की उपस्थिति में प्रसिद्ध शनिधाम के मुख्य मंदिर, नवग्रह मंदिर एवं तेल कुंड के भंडार से प्राप्त भेंट राशि की गणना की गयी।जिसमे कुल 14 लाख 65 हजार 865 रु. की राशि प्राप्त हुई।सिक्कों की गणना शनिवार को होगी। इस दौरान गणना कार्य में मंदिर कमेटी सदस्य रामेश्वर सुथार,गोपाल सुथार,कालूराम कुमावत,रूपलाल गाडरी,सत्यनारायण जाट,शैलेंद्र कुमार,कालूलाल कीर, रामचंद्र कीर,भेरूलाल लोधा,भेरूलाल जाट,देवी सिंह चारण,कर्मचारी नरेंद्र कुमार,नारायण सिंह,गणपत सिंह,लाल सिंह,किशन सिंह आदि श्रद्धालुओ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## महिलाओं से अभद्रता व जान से मारने की धमकी का आरोप, हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** शहर की आर.सी. व्यास कॉलोनी स्थित हरिजन बस्ती में महिलाओं के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीडि़त महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है। पीडि़ता मीरा देवी (43) पत्नी रोशन लाल हरिजन एवं श्रीमती कविता देवी (31) पत्नी राहुल गोरण ने बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाला गोविन्द मल्होत्रा (26) आए दिन लोगों को धमकाता रहता है और खुद को हिस्ट्रीशीटर बताकर दहशत फैलाता है। आरोप है कि 18 दिसंबर की रात करीब 11 बजे जब महिलाएं घर के बाहर बैठी थीं, तब आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए धक्का-मुक्की की, चोटी पकडक़र साड़ी खोलने का प्रयास किया और इज्जत भंग करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए परिजनों को भी आरोपी ने हथियार होने का दावा करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा पूरे मोहल्ले को आग लगाने की बात कही। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस आरोपी को साथ ले गई।

## शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन सहित स्वतंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना को अर्पित किये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा शुक्रवार को शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया गया।साथ ही आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। न.पा. कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय में चल रहे शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया तथा शिविर मे उपस्थित आमजनों की समस्याओ को सुनकर



त्वरित समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिये गये।साथ ही विधायक जीनगर द्वारा शिविर की प्रगति संबंधी जानकारी प्राप्त की गयी।जिसमें शुक्रवार को जन्म,मृत्यु एवं विवाह के 3 आवेदन निस्तारित,नामांतरण 2,निर्माण स्वीकृति 1 एवं सफाई व लाईट के 5 प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,वंदना सोनी,पुष्पा वैष्णव,लता वैष्णव, वंदना दाधीच,भाजयुमो अध्यक्ष विकास बारेगामा, शंभूलाल बागड़ा,दिनेश सोनी,राकेश आचार्य,प्रतीक वैष्णव,भगवतीलाल आचार्य,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य,आशीष सोनी,अधिवक्ता पुरूषोत्तम योगी सहित पालिका कार्मिक रामप्रसाद गायरी,प्रकाश शर्मा,चंदा चनाल,विष्णु स्वर्णकार,शांतिलाल खटीक, शकील मोहम्मद,जानकीलाल माली,प्रियंका गर्ग, ललित पंवार,कम्प्यूटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सतरंगी रोशनी में सजी नारी शक्ति, मंच से छलका आत्मविश्वास

**वर्द्धमान कॉलेज के वार्षिक समारोह में कला-संस्कृति और सम्मान का संगम, मुग्धा गोडसे हुईं भावुक**

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह सतरंगी रोशनी, लेजर लाइट शो और विविध रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी की स्तुति एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ मुख्य अतिथि अभिनेत्री एवं मॉडल मुग्धा गोडसे का स्वागत समिति अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा एवं अकादमिक प्रभारी नीलम लोढ़ा द्वारा राजस्थानी परंपरा के अनुरूप



माल्यार्पण, उपरना, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया कार्यक्रम में छात्राओं ने महाभारत, महारानी पद्मिनी, पंजाबी, कांथारा, भरतनाट्यम, प्रभावशाली नाट्य मंचन एवं लेजर लाइट शो जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज ने छात्राओं के आत्मविश्वास और सृजनात्मक क्षमता को सशक्त रूप से उजागर किया मुख्य अतिथि मुग्धा गोडसे ने कहा कि वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय ऐसा संस्थान है जहां सेवा ही संस्कार और मानवता ही मूल मंत्र है। यहां दी जा रही शिक्षा छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल है। छात्राओं की प्रस्तुतियों से भावुक होते हुए उन्होंने इसे प्रेरणादायी अनुभव बताया प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को संस्थान की पहचान बताया समारोह में शैक्षणिक व खेलकूद क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा फैशन डिजाइन एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग की नारीत्व पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी, देशभर से आए अतिथि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 'भव्य घूमर' की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ सांसद सी.पी. जोशी की प्रेरणा से 26 दिसंबर 2025 को चित्तौडग़ढ़ की पावन धरती पर आयोजित होने जा रहे सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 'भव्य घूमर' को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चित्तौडग़ढ़ प्रधान देवेंद्र कंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला महिला अध्यक्ष वीणा दशोरा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सिम्पल वैष्णव, पिंकी सोमानी एवं भाजपा नगर महिला अध्यक्ष आरती शर्मा मौजूद रहीं। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, पंजीकरण व्यवस्था, प्रतिभागियों की सुविधाओं एवं कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह महोत्सव राजस्थान की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक बनेगा। बैठक में शिल्पा बोडाना, लक्ष्मी कोठारी, रेखा वसीटा, एकता मराठा, सीता मोरवाल, कृष्णा पंचोली, रविंदर कोर, दिव्या ओटवानी, राजकुमारी कुमावत, लीला भाटी, हंसा पटेल, रानू लड्ढा, रिंकी लड्ढा एवं सरोज धूत उपस्थित रही।

# शहर में हो रहा सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

## पहले दिन शहर में निकाली गई कलश एवं शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के संगम क्लब द्वारा सात दिवसीय भगवान श्रीराम की कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे प्रथम दिन शहर के किला स्थित दाऊजी महाराज मंदिर से कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां श्रीराम कथा का शुभारम्भ हुआ है। कथा का आयोजन 25 दिसंबर तक जारी रहेगा। भागवताचार्य अभिषेक महाराज कथा का वाचन कर रहे है उन्होंने प्रथम दिन कथा का शुभारम्भ करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि राम कथा मानव जीवन को मर्यादा, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे में हमे श्रीराम कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। शोभायात्रा के दौरान नगर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, महिला मंडलों, युवाओं एवं बच्चों ने शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनोज मोदी ने जानकारी दी कि यह कथा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में दिन में साढ़े बारह बजे से शाम पांच बजे तक होगी। जिसमे विशेष प्रसंग के दौरान पूज्य संत अरविन्द जी महाराज भी शिरकत करेंगे। शोभायात्रा के दौरान संगम क्लब के अध्यक्ष मुनीश बंसल के साथ महिला प्रमुख शिल्पी, रोशनी शिवहरे, योजक सुनील गर्ग, भानु मंगल, प्रमोद मित्तल, अनिल मंगल, डॉ. पंकज सिंघल, विष्णु मित्तल, ऋषी गर्ग, डॉ. राजीव गोयल, अरुण मंगल, श्रीभगवान बंसल, कौशल गर्ग, अजय गर्ग व सभी महिला सदस्य मौजूद रही।

# राज्य सरकार के 2 वर्ष के उपलक्ष्य पर धौलपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खाते में राशि की हस्तांतरित

## हमारी सरकार ने नीतियों एवं योजनाओं में महिला उत्थान को दी सर्वोच्च प्राथमिकता-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## लखपति दीदी के तहत महिलाओं को ऋण सहायता के चेक तथा टैबलेट किए वितरित



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण से ही समग्र विकास का सपना पूरा किया जा सकता है। हमारी सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार अपनी नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से महिला उत्थान के लिए निरंतर निर्णय ले रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने में हमारी आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्री शर्मा ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को धौलपुर के पचगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी शक्ति का सदैव सम्मान रहा है। शास्त्रों में भी कहा गया है, जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं।

### धौलपुर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए ठोस कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने धौलपुर जिले के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। धौलपुर में 1 लाख 62 हजार महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही, जिले की 30 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी योजना से लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि जिले में राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ, सरमथुरा और राजकीय कन्या महाविद्यालय मरैना के भवनों का निर्माण, डेढ़ लाख विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म तथा जल जीवन मिशन के तहत लगभग 58 हजार नल कनेक्शन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में 717 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं तथा 5 हजार 663 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। इसी तरह पार्वती नदी पर संजापुरी आश्रम के पास एनीकट का निर्माण, पार्वती मुख्य नहर एवं माकरा ब्रांच का जीर्णोद्धार, मचकुंड धाम में सौंदर्यीकरण एवं विकास से संबंधित अनेक कार्य करवाए गए हैं। जिले में बुनियादी ढांचा, पेयजल, चिकित्सा, वन, ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### हमने 89 हजार विद्यार्थियों को दिए टैबलेट तथा लैपटॉप

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 वर्षों में गत सरकार के 5 वर्षों से ज्यादा काम किए हैं। गत सरकार के पांच साल के समय केवल 1 हजार 478 गांव खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ प्लस) हो पाए, जबकि हमने केवल दो साल में 41 हजार गांवों को ओडीएफ प्लस बना दिया है। इसी तरह पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल में 21 हजार छात्राओं को स्कूटी वितरित की, जबकि हम लगभग 40 हजार छात्राओं को स्कूटियां दे चुके हैं।

हमने इन दो साल में 3 लाख 37 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया, जबकि गत सरकार ने पूरे पांच साल में 2 लाख 35 हजार युवाओं को ही कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया।

# भरतपुर में वन विभाग के फॉरेस्टर को बंधक बनाकर पीटा

## गांव के लोगों ने हमला किया तो आरएएसी जवान छोड़कर भागे, पुलिस ने छुड़ाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में अवैध खनन की निगरानी के लिए गई टीम पर गांव वालों ने हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने फॉरेस्टर भूदेव जाटव को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट कर दी। मामला जिले के वैर इलाके के खैर्रा गांव में शुक्रवार दोपहर ढाई बजे का है। भूदेव जाटव पर हमला होते देख उनके साथ मौजूद चार आरएसी जवान उन्हें छोड़कर भाग गए।घटना की जानकारी जब पुलिस को मिली तो टीम गांव पहुंची और फॉरेस्टर को छुड़ाया।

### ग्रामीणों ने किया वन विभाग की टीम पर हमला

जानकारी के अनुसार फॉरेस्टर भूदेव जाटव खैर्रा गांव में गश्त के लिए गए थे। उनके साथ 4 आरएसी के जवान मौजूद थे। खैर्रा गांव में पहाड़ है, जहां पर अवैध खनन होता है। जैसे ही फॉरेस्टर आरएसी के जवानों के साथ खैर्रा गांव पहुंचे। तभी ग्रामीणों ने फॉरेस्टर की गाड़ी पर हमला कर दिया। ग्रामीण उनकी गाड़ी के आगे आ गए। ये सब देख उनके साथ मौजूद चार आरएएसी जवान भूदेव जाटव को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने भूदेव जाटव को बंधक बना दिया और मारपीट की। मारपीट के दौरान उनकी वर्दी तक फाड़ दी। मौके से भागे आरएसी जवानों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गांव वालों से छुड़वा कर थाने लेकर पहुंची। हालांकि दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# नेशनल टैलेंट हंट के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय भरतपुर पर हुए साक्षात्कार

## भरतपुर संभाग के पांचों जिलों के अभ्यर्थी हुए शामिल, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत संभाग के चार जिलों से 20 कार्यकर्ताओं का चयन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ( मीडिया सैल) के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से राजस्थान में कांग्रेस के मीडिया संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इस क्रम में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत प्रदेश में छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से संभाग स्तर पर योग्य और कांग्रेसी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं के साक्षात्कार आयोजित किए गए। भरतपुर मुख्यालय पर आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर जिलों से पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। साक्षात्कार एआईसीसी की ओर से नियुक्त पीसीसी प्रवक्ता एवं भरतपुर संभाग प्रभारी राजेश कटारा तथा कोऑर्डिनेटर राम लोढ़ा द्वारा लिए गए। पीसीसी प्रवक्ता एवं सचिव राजेश कटारा ने बताया कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य प्रदेश स्तर पर रिसर्चर और प्रवक्ताओं की नियुक्ति कर कांग्रेस मीडिया सेल को धारदार बनाना है ताकि जनहित के मुद्दे को मजबूती से उठाया जा सके और भाजपा सरकारों की नाकामियों को प्रभावित तरीके से जनता के सामने रखा जा सके। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों को फाइनल स्क्रीनिंग के लिए पीसीसी मुख्यालय जयपुर में बुलाया जाएगा जहां अंतिम चयन किया जाएगा।

इस अवसर पर पधारे हुए अतिथियों का राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज बहुत ही अनूठी व प्रभावशाली होगी नई सोच वाली पीढ़ी को राजनीति में लाने की एक अनूठी पहल है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर से ऐसे युवाओं को पहचानना है जो पढ़े लिखे व सामाजिक सरोकारों से जुड़े हो और नेतृत्व क्षमता रखते हो।

# धौलपुर रोड हाईवे पर रूपा गैस एजेंसी के पास दर्दनाक हादसा

## स्कूटी सवार छात्र को मारी ट्रैक्टर ने टक्कर, धौलपुर उपचार के लिए ले जाते समय मौत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की हाईवे 11वीं पर धौलपुर रोड रूपा गैस एजेंसी के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। अनियंत्रित ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार 11वीं कक्षा के छात्र को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल छात्र को 108 एंबुलेंस से धौलपुर जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार से पूर्व ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सदर पुलिस ने शव को मोर्चरी रखवाया। जहां परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया है। घटना को लेकर परिजनों द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे हाइवे 11 बी पर बाड़ी रोड रुपा गैस एजेंसी के पास तेज गति ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार छात्र को टक्कर मारी थी। दुर्घटना में घायल छात्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर ले जाया गया लेकिन उपचार से पूर्वी ही उसकी मौत हो गई। उक्त सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुच मामले की जानकारी ली और शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। जहां आज परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया है। मृतक छात्र 17 वर्षीय अंकित पुत्र महेंद्र मीणा है जो खानपुर मीणा गांव का निवासी था। वह 11वीं कक्षा में पढ़ता था। मृतक के पिता महेंद्र मीणा होमगार्ड में तैनात है। उनके दो पुत्रों में अंकित छोटा था। घटना के बाद खानपुर मीणा गांव में शोक छाया है। परिजनों ने एक्सीडेंट की उक्त घटना को लेकर सदर थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही कर रही है।

# बाड़ी में घना कोहरा छाया, विजिबिलिटी बेहद कम रही

## शीतलहर चलने से बढ़ी ठंड, न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में पिछले एक महीने से जारी गुलाबी सर्दी अब कड़ाके की ठंड में बदल गई है। देर रात से शहर में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता में भारी कमी आई है। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ रहा है।

सुबह सैर पर निकलने वाले और मंदिरों में जाने वाले श्रद्धालु ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### पहाड़ों से आ रही ठंडी हवा

पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं ने मैदानी इलाकों में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पूर्वी राजस्थान के धौलपुर जिले में शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, ये कड़ाके की सर्दी अगले दो से तीन दिनों तक जारी रह सकती है।

न्यूनतम तापमान लगातार गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। घने कोहरे के कारण तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। ये कड़ाके की ठंड आमजन के साथ-साथ आवारा गोवंश और अन्य जानवरों के लिए भी संकट बन गई है। भोजन की तलाश में भटकने वाली गायें अब सर्दी से भी जूझ रही हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक अस्थाई गौशाला या सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

हाईवे सहित अन्य सड़क मार्गों पर दृश्यता कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। टेम्पो चालक दीपक कुमार ने बताया कि देर रात वह सरमथुरा से एक मरीज को लेकर बाड़ी अस्पताल आए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर आज कल से भी ज्यादा सर्दी और कोहरा है, जिसके कारण वे अस्पताल के पास आग जलाकर बैठे हैं।

# बृज नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विकास रथ का किया भव्य स्वागत

## 500 करोड़ के विकास कार्य समर्पित कर नगर की जनता का मान बढ़ाया - सतीश बंसल



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर बृज नगर विधानसभा क्षेत्र के भटपुरा, सादपुरी गहनकर, जालुकी एवं सेमली में ग्रामीणों द्वारा विकास रथ का भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक सतीश बंसल ने बताया कि नगर के विधायक एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म ने नगर विधानसभा में लगभग 1500 करोड़ रुपए के विकास कार्य समर्पित कर नगर की जनता का मान बढ़ाया है। नगर का नाम बृज नगर करने पर उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर नायब तहसील दार विजय गुप्ता, विकास अधिकारी मुरारी गौतम, कार्यालय प्रभारी शत्रुघन सिंह, मंडल अध्यक्ष हिमेश गुर्जर, मोहित नरूका, यादराम राना, गिर्राज नरूका, बबली यादव कमल प्रजापति सादात सरपंच, निर्मल सरपंच साहुन सरपंच सेमली सरपंच भी साथ रहे।

# संभाग प्रभारी राजेश कटारा का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** ए.आई.सी.सी. के निर्देशानुसार संभाग प्रभारी राजेश कटारा प्रदेश प्रवक्ता पी.सी.सी. एवं तुषार कटारा एन.एस.यू.आई. प्रदेश सचिव का ए.आई.सी.सी. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम में संभागीय साक्षात्कार हेतु भरतपुर पधारने पर उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष राजपूत के नेतृत्व में स्वागत किया गया, साथ में प्रदेश सचिव पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रेमसिंह प्रजापत, चन्द्रकांत शर्मा महासचिव, मण्डल अध्यक्ष गजराज सिंह, दीपक जादौन, धीरज गुर्जर, रजत लवानियां, रोहित मतलानी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डीग जिलाध्यक्ष कांग्रेस राजीव सिंह कुम्हेर द्वारा सर्किट हाऊस में राजेश कटारा का स्वागत सम्मान किया गया।

# डीग डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

## किसानो का कहना है कि सिंचाई के अभाव में आधा दर्जन गांवों के किसानों की गेहूं की फसल सूखने से हो रही है बर्बाद



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के गांव पास्ता और परमदरा के किसानों ने शुक्रवार को गुडगांवा कैनाल से डीग डिस्टिब्यूटरी में पानी छोड़ने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि इस समय गेहूं की फसल में सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है लेकिन गुड़गांवा केनाल से डीग डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जबकि किसानों के पास फसल में सिंचाई के लिए पानी की कोई अन्य व्यवस्था नहीं है। वह पूरी तरह सिंचाई के लिए डीग डिस्ट्रीब्यूटरी पर निर्भर हैं। किसानों का आरोप है कि गांव सेऊ पर गुडगांवा कैनाल के गेट पर तख्ते लगा कर जल संसाधन विभाग ने डीग डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी की आवक बंद कर रखी है। जबकि सिंचाई के अभाव में डीग डिस्ट्रीब्यूटरी से जुड़े आधा दर्जन गांवों के किसने की गेहूं की फसल खेतों में ही सूख कर बर्बाद हो रही है। प्रदर्शन करने किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गुड़गांवा केनाल से डीग डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया तो वह मजबूर होकर जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### इनका कहना

फिलहाल गुडगांवा कैनाल में सेऊ से आगे निगोही क्षेत्र तक पानी छोड़ा जा रहा है। अगले 3 दिन में डीग डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ दिया जावेगा। देवेंद्र सिंह सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग डीग।

# आवासहीन लोगों द्वारा कलैक्ट्रेट पर चलाये जा रहे 3 दिवसीय सांकेतिक पड़ाव का समापन




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** कलैक्ट्रेट भरतपुर पर आवासहीन लोगों द्वारा चलाये जा रहे 3 दिवसीय सांकेतिक पडाव का भीडभाड के साथ जोरदार समापन हुआ। जिसमें सैकडों आवासहीन महिला एवं पुरूषों ने प्रात: 9 बजे से सांय 4 बजे तक मुकम्मत शिरकत की। पडाव के दौरान संगठन संयोजक का0 नत्थीलाल, संगठन मंत्री कलुआ खान, संगठन अध्यक्ष यादराम, अशोक कपूर, किसान सभा के जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह जघीना, हरभान सिंह पीरनगर, रम्मो सिंह हवलदार जिरौली, अशोक कुमार जघीना, इं. जीवनलाल शर्मा आदि नेताओं ने आवासहीनों के मुद्दे पर जोरदार समर्थन देने एवं अनवरत संघर्ष चलाये जाने का आव्हान किया। इसके लिये सभी संघर्षरत लोगों को यह विश्वास दिलाया कि प्रशासन एवं सरकार से चलाये जारहे संघर्षमय हर तरीके से सहयोग किया जावेगा। प्रशासन द्वारा उपरोक्त 3 दिन में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं किये जाने पर यह तय किया गया कि मंगलवार 23 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सभी संगठन संबंधित सदस्यों की आमसभा फुलवाडी पार्क गोवर्धन गेट भरतपुर में आयोजित करने का फैसला लिया। उक्त मीटिंग में आगामी कार्यवाही करने का प्रस्ताव लिया जावेगा।

## दिव्यंगजन के लिए संचालित महावीर विशेष विद्यालय को आम जन द्वारा सामग्री उपलब्ध कराई



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अपना घर आश्रम के संरक्षक इंजी श अशोक मेठी की प्रेरणा से समाज सेवी चिराग गोयल परिवार एवं अन्य जनों के सहयोग से विकलांगजन के लिए रजनी जैन द्वारा संचालित महावीर विशेष विद्यालय मे अध्यनरत 30 बच्चों के लिए उनकी आवश्यकताओ को ध्यान मे रखते हुए एक फर्श, 30 गर्म पाजामे चिराग गोयल परिवार,निर्भय शर्मा एवं आम जन के सहयोग से, 2 कम सुनने वाले बच्चों को अपना घर आश्रम की ओर से 2 कान की मशीन,एक बोर्ड डॉ अशोक गुप्ता की ओर से उपलब्ध करवाए गए। इस मौके पर रक्तवीर संगीता गौड, अधिवक्ता निधि शर्मा, चिराग गोयल, श्रीमती अंजना गोयल एवं ई अशोक मेठी उपस्थित रहे। संस्था की संचालिका रजनी जैन ने इस नेक कार्य के लिए पधारे हुए सभी महानुभावो का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम धौलपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तर पर किया गया।जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई सैकड़ों महिला लाभार्थियों ने एकत्र होकर मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और सरकारी योजनाओं के लाभों पर चर्चा की।कार्यक्रम में एमएलए प्रतिनिधि राधा पटेल, जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसडीएम रामवतार मीणा, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, डीडी आईसीडीएस सतपाल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जयराम सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## इटली जोहड़ में गंदे पानी की समस्या, आम रास्ता बना नहर, प्रशासन ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** शहर के इटली जोहड़ क्षेत्र में गंदे पानी की गंभीर समस्या से आमजन त्रस्त है। यहां शहर का गंदा पानी इक_ा होकर ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे आसपास के मकानों के चारों ओर पानी भर जाता है और आम रास्ता नहर का रूप ले चुका है। बीते कई महीनों से हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से दर्जनों ढाणियों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव के कारण मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं, विवाह-शादी जैसे सामाजिक आयोजनों में रास्ता बंद होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस राहत नहीं मिली।शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद के उपायुक्त ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में पाइपलाइन का कार्य करवाया गया था,लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई को लेकर बातचीत जारी होने और जल्द ही स्थायी समाधान निकाले जाने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी दिलीप भरगड़, दुर्गाप्रसाद कुमावत, लीलाराम सैनी, सुरेश चंद मेहरा, नरेश मेहरा, श्रीराम सैनी, मालाराम मेहरा, महेंद्र, नाहरसिंह, जयराम, बाबूलाल, सीताराम, श्यामलाल, अभिषेक, सूरज, मुनेश, भुवनेश, अशोक, सनी, रोहित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है।

## प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद बैरबा को पीएचडी उपाधि मिली

बढ़ता राजस्थान



राजगढ़(अलवर)। एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल, मल्लाना के प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा पुत्र रामनिवास बैरबा को महर्षि द?यानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. जगदीश ने अपना शोध कार्य डॉ. रश्मि भटनागर, सह आचार्य के दिशा निर्देशन में अग्रेजी में चमन नहल, खुशवंत सिंह, बापसी सिधवा व मनोहर मालगावंकर की चयनित कृतियों में कथा के रूप में इतिहास विनय पर किया। डॉ. बैरवा सवाई माधोपुर जिले की मित्रपुरा तहसील के ग्रामजटलाव के निवासी है। इस पर परिवार, रिश्तेदार, स्टॉफ सदस्यों, मित्रों व ग्रामीणों ने डॉ. बैरवा को शुभकामनाएं दी।

## बर्डोद में सरकारी धन की बर्बादी, उपेक्षा का शिकार बना लाखों की लागत का मोर्चरी भवन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपुतली-बहरोड़।जिले के बर्डोद कस्बे में बस स्टैंड से सतीमाता मार्ग पर स्थित लाखों रुपये की लागत से निर्मित मोर्चरी भवन आज बदहाली का प्रतीक बन गया है। जनसुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के उद्देश्य से बनाया गया यह भवन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के चलते वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है और अब कचरा पात्र व असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है।जर्जर हालत, गंदगी का अंबार स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार देखरेख के अभाव में भवन की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं, जबकि खिड़कियां और जंगले टूटे हुए हैं। परिसर की दीवारों का उपयोग गोबर के कंडे (उपले) थापने के लिए किया जा रहा है, जिससे सरकारी संपत्ति की गरिमा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चारों ओर फैली गंदगी और अव्यवस्था प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।



## 'महिला सम्मेलन' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# जिले के करीब पौने तीन लाख लाभार्थियों को साढे 33 करोड़ रूपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से हुआ हस्तांतरण

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय 'महिला सम्मेलन' का आयोजन शुक्रवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को 1320 करोड़ रूपए का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया। धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं के साथ ही विभिन्न पेंशन योजनाओं में 91 लाख लाभार्थियों को 1100 करोड़ रूपये, पालनहार योजना के 5.95 लाख लाभार्थियों को 103 करोड़ रूपये, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 5 हजार विद्यार्थियों को 2.5 करोड़ रूपये, 5 हजार लखपति दीदियों को 100 करोड़ की ऋण सहायता, पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में 1.55 लाख छात्रों को 15 करोड़ रूपये राशि का हस्तांतरण एवं लखपति दीदियों, कृषि सखियों व पशु सखियों को टैबलेट का वितरण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राजीविका की 504 लखपति दीदियों को 2 करोड़ 92 लाख रूपये के ऋण सहायता के प्रतिकात्मक चेक सौंपे गए। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जिले के 2 लाख 47 हजार 944 पेंशनर को 30 करोड़ 99 लाख 30 हजार रूपये की राशि, मुख्यमंत्री पालनहार योजना में 15 हजार 640 लाभार्थियों को 2 करोड़ 34 लाख 60 हजार रूपये की राशि, पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में 4044 विद्यार्थियों को 42 लाख 16 हजार 500 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, महिला बाल विकास के उप निदेशक श्री महेश गुप्ता, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री ऋषिराज सिंगल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सीडीईओ श्री महेश गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी, प्रबुद्घ व्यक्ति एवं बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यकम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. मीणा ने की। राजगढ़ एथलेटिक्स की राजधानी है यह कथन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज. भ.म.. विवि, अलवर के स्पोर्ट सेक्रेटरी विक्रम भड़ाना ने कहा तथा खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने और विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पद्मा गोयल ने कहा कि खेलों से आत्मविश्वास बढ़ता है और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। सरपंच सीमा मीणा ने ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने खेलों को स्वस्थ समाज की नींव बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। वि.वि. ऑब्जर्वर एवं पूर्व छात्र विश्राम मीणा ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और अनुशासन का महत्व समझाया। समाजसेवी सुखराम ने कहा कि खेलों से सकारात्मक सोच विकसित होती है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रतियोगिताओं के दौरान रिले स्पर्धाओं में खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ऑब्जवर विश्राम मीना, चंचल शर्मा, शाहरूख खान, पूर्व खेल अधिकारी शिवदयाल सैनी, खेल निर्णायकगण, पूर्व छात्रों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को सम्मानित किया गया तथा खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा की गई। डॉ. पी.एम. मीना द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देशराज वर्मा, डॉ. अशोक मीना, डॉ. रचना जैन तथा डॉ मोनिका मीना ने किया।

## स्व. श्री लोकराम थदानी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क मैडिकल शिविर सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर कैन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में स्व. श्री लोकराम थदानी जी की पुण्य स्मृति में आज दिनांक 19 दिसम्बर 2025 शुक्रवार को निःशुल्क मैडिकल शिविर प्रातः 09.00 बजे से 11:00 बजे तक लगाया गया। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में डॉ. सुरेन्द्र जैन (फिजिशियन), डॉ. राजू अग्रवाल (न्यूरोलोजिस्ट) डॉ. आरोण कुमार जैन डॉ. लोकेश लालवानी (अस्थमा रोग विशेषज्ञ) (यूरोलोजिस्ट), डॉ. धुरवी भारद्वाज (चर्म रोग विशेषज्ञ) डॉ. हरि सिंह यादव (आर्थोपैडिक सर्जन), डॉ. एन.के. जैन (जनरल सर्जन), डॉ. सरोज जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीष त्यागी (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. दिव्या शर्मा (होम्योपैथिक फिजिशियन), एवं डॉ. शैली जैन (दन्त रोग विशेषज्ञ) ने 135 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया व दवाईया भी निःशुल्क प्रदान की गई। शिविर में थायराईड, यूरिक एसिड, लिवर फक्ंसन, बी.पी.व ब्लड शुगर की जाँच निःशुल्क की गई। शिविर में आये मरीजों व उनके परिजनों को अंगदान के बारे में बता कर अंगदान करने हेतु प्रेरित किया। यह शिविर सिन्धु सुगन्ध सेवा संस्थान अलवर के सहयोग से लगाया गया।

## 251 कुंडी शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का प्रचार प्रसार अब जोरों पर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 24 से 27 दिसंबर तक आयोज्य नदबई जिला (भरतपुर) के 251 कुंडी शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का प्रचार प्रसार अब जोर पकड़ता जा रहा है।18 दिसंबर को कुम्हेर के गायत्री परिवार के वरिष्ठतम कार्यकर्ता श्री श्यामसुंदर शर्मा जी के नेतृत्व में प्रचार दल ने नदबई तहसील के 5,,,6 गांवों में भरतपुर के ज्ञान रथ द्वारा जन संपर्क कर महायज्ञ में भागीदारी करने का आमंत्रण अनुरोध किया। शुक्रवार को खेरी, खांगरी, न्यौठा, पाली, सरसेना,खेरिया आदि गांवों में जन सम्पर्क किया। टोली में श्री सुरेश पाराशर जिला संयोजक, हरिश्चंद मुद्गल धर्मपत्नी सहित (वैर), चौधरी चरणसिंह(अलवर), नारायण सिंह,, श्रीमती प्रेमलता वर्मा (गुजरात), श्रीमती शशि सिंघल( भरतपुर)ने प्रचार प्रसार में भागीदारी की।

## जिला उत्तर प्रभारी अशोक सैनी का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय ज्योतिबा फुले चौक पर सैनी सभा संस्था द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जयपुर से अलवर जाते समय जिला उत्तर प्रभारी अशोक सैनी (भादरा) का सैनी समाज के अध्यक्ष रामसिंह सैनी के नेतृत्व में जोरदार अभिनंदन किया गया।सम्मानः समाज के पदाधिकारियों ने अशोक सैनी को राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाया।प्रतीक चिन्हः उन्हें समाज के आदर्श महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। आभारः प्रभारी अशोक सैनी ने इस आत्मीय स्वागत के लिए समस्त सैनी समाज का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।उपस्थित गणमान्य जन समारोह में प्रभारी के साथ गौरव यादव और अलवर जिला महामंत्री राहुल सैनी भी मौजूद रहे। स्थानीय स्तर पर सचिव एडवोकेट योगेश सैनी,रामकुमार सैनी (विवाह समिति अध्यक्ष), उदय तोदवाल (उपाध्यक्ष), रोहतास सैनी,पूर्व अध्यक्ष बिरदीं सैनी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र कुमार सैनी,राकेश सैनी,अरुण सैनी (भाजपा मंडल अध्यक्ष), प्रमोद गुरुजी (पार्षद),कृष्ण करोडिया (पार्षद), रामेश्वर सैनीपार्षद, महेश कुमार सैनी (पत्रकार), बिल्लूराम सैनी (पत्रकार),कमल सैनी (छात्रसंघ अध्यक्ष) कन्हैयालाल (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), श्रीराम टमाटर वाले, महावीर सांखला, ललित सैनी, बाबूलाल सैनी, फूलचंद सैनी (नेताजी), मिथिलेश सैनी,सुरेंद्र चौधरी (एडवोकेट),दयाराम प्रजापत, रमन सैनी, नाथू सैनी, हीरालाल सैनी, संजय बागड़ी, श्याम सुन्दर सैनी, विक्की माली, पूरणमल सैनी, एडवोकेट विजय सैनी, राजेश सैनी, श्यामलाल सैनी, विक्रम और अमित सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन श्री पल्लीवाल जैन महासभा भवन आसन का मेवाती नगर अलवर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अलवर महेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अलवर महेश मेहता, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में तथा राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश अध्यक्ष भैराराम बिश्नोई की अध्यक्षता में तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केसाराम मेहरा गिरीश कुमार शर्मा जगदीश ढाका बेगराज कोट के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। अलवर जिला अध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन अतिथियों द्वारा मां शारदे की समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया इसके पश्चात मंचासिन सभी अतिथियों का माला साफा दुपट्टा और स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव द्वारा स्वागत भाषण और वार्षिक प्रतिवेदन तथा शिक्षकों की 18 सूत्रीय मांगो को रखा गया। मुख्य अतिथि महेश गुप्ता ने अपने अभी भाषण में शिक्षकों की एक जुट का संदेश दिया व बचपन से सुना हमने मालिक तू सहारा है गीत की पंक्तियां पड़ी तथा अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने संगठन की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को एकजुट होकर अपनी समस्याओं की निराकरण हेतु संघर्ष करने को कहा तथा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे संघ के प्रदेश अध्यक्ष भैराराम विश्नोई ने प्रदेश भर से आए हजारों की संख्या में शिक्षकों का इतनी संख्या में पधारने पर धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इसी एक जूता होकर अपनी मांगों को उठाते रहे तथा संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे। प्रदेश भारती पधारे शिक्षकों के लिए जिला कार्यकारी अलवर द्वारा रहने खाने की पूर्ण व्यवस्था बेहतर ढंग से की गई राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रांतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों की कार्यकारिणी के साथ हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी

## दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल का आदेश रद्द किया; पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का मामला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवंबर को दी गई थी।

जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा- हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है। कोर्ट ने लोकपाल से कहा है कि वह लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत एक महीने के भीतर कानून के अनुसार दोबारा फैसला करे। सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा के वकील ने दलील दी कि लोकपाल ने मंजूरी देते समय कानूनी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया। कानून के मुताबिक किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ मंजूरी देने से पहले उनकी टिप्पणी लेना जरूरी होता है, जो नहीं ली गई।

# टोंक में एक साथ उठा 3-भाइयों और भतीजे का जनाजा

## जिद करके भाई के बेटे को साथ ले गए थे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** टोंक शहर में शुक्रवार को 3 सगे भाइयों और उनके भतीजे का एक साथ जनाजा निकला तो मोहल्ले में सभी की आंखें नम हो गई। मृतकों के घरों में चीख-पुकार मची थी, वहीं मोहल्ले के लोग उन्हें सांत्वना देते-देते रो रहे थे। परिजन सुबह करीब 10 बजे 4 मृतकों के जनाजे को मोतीबाग स्थित कब्रिस्तान के लिए रवाना हुए तो सैकड़ों लोगों की भीड़ साथ चल पड़ी। रास्ते में जामा मस्जिद में जनाजे की नमाज अदा की। बाद में लोगों को मुंह दिखाई की रस्म अदा की गई। फिर तीन भाइयों और भतीजे को कब्रिस्तान में सुपुर्द- ए - खाक(दफनाने की रस्म) किया गया। इस दौरान लोगों ने मिट्टी देने की रस्म भी अदा की।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे एयरबेस पर होंगे अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात

## जैसलमेर में हुए 2 युद्धाभ्यास में थे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे घातक अटैक हेलिकॉप्टर कहे जाने वाले AH-64E अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों को जोधपुर एयरबेस पर तैनात किया है, जो एक समय में 256 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है और 16 लक्ष्यों को प्राथमिकता दे सकता है। ये हेलिकॉप्टर अब पाकिस्तान सीमा की निगरानी और भारत की रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं को मजबूत बनाएंगे। हाल ही में जैसलमेर क्षेत्र में हुए सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' और 'मरु ज्वाला' में इन हेलिकॉप्टरों का उपयोग किया गया था। अभ्यास के बाद इन्हें पश्चिमी सीमा के पास एक महत्वपूर्ण एयरबेस पर तैनात किया गया है। यह पहली बार है जब भारतीय थल सेना के अपाचे हेलिकॉप्टरों ने किसी बड़े सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान इन हेलिकॉप्टरों ने तय लक्ष्यों पर सटीक हमला किया। जून 2025 में अमेरिका से मिले 3 अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली खेप की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। ये हेलिकॉप्टर अब ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए तैयार हैं। राजस्थान में स्क्वाड्रन होने की वजह से इनका रंग रेत (मिट्टी) जैसा रखा गया है, जिससे रेगिस्तानी इलाकों में छुपने में मदद मिलती है।

## लुधियाना नर्स हत्याकांड में मोबाइल ने खोले राज

# बॉयफ्रेंड ने उसी के घर में रेप किया था; प्राइवेट पार्ट काटने पर होटल में मर्डर हुआ

बढ़ता राजस्थान

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में नर्स हत्याकांड में अब नया खुलासा हुआ है। नर्स रेखा के पुराने मोबाइल ने इस मामले के कई राज खोले हैं। नर्स के मोबाइल में जो दस्तावेज मिले हैं, उसके हिसाब से बॉयफ्रेंड अमित निषाद ने नर्स की मर्जी के बगैर जबरन उसके घर में ही उसका रेप किया था। उसने रेखा को धमकी दी थी कि अगर उसने किसी को बताया तो उसे जान से मार देगा। मोबाइल में मिले दस्तावेजों के मुताबिक नर्स रेखा ने अपना मेडिकल करवाया और थाना मेहरबान में शिकायत दी। थाना मेहरबान में शिकायत को लेकर उसकी पुलिस कर्मियों से बहस भी हुई है। इसका एक वीडियो भी उसके पुराने मोबाइल में मिला है। यही नहीं मोबाइल में रेखा की तरफ से अमित निषाद के खिलाफ पुलिस कमिश्नर व साइबर सेल को लिखी शिकायतें भी मिली हैं।

मोबाइल में मिली शिकायतों में रेखा ने अमित निषाद से खुद की और बच्चों की जान को भी खतरा बताया था। हालांकि मोबाइल में एक राजीनामा भी मिला, जिस पर 9 नवंबर 2024 की तारीख लिखी गई है।

## गोपालन और कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

# गोशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो सुनिश्चित, आदर्श गोशालाओं के लिए बनाएं कार्ययोजना : सीएम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंजीकृत गोशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में पानी-चारा सहित आवश्यक व्यवस्थाओं की सघन ऑडिट करते हुए बेहतर प्रबंधन और संचालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में गोपालन और कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी 'आदर्श गोशालाएं' बनाने के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य करें। गोशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के क्रम में गौ-काष्ठ मशीनों का संचालन सहित नवीन तकनीकों का समावेश किया जाए। आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में गौ उत्पादों की महत्ता के बारे में गोशाला समितियों को जागरूक करें।

### गौ संरक्षण के कार्यों में भामाशाहों को करें प्रोत्साहित -

श्री शर्मा ने कहा कि गोशालाओं के प्रबंधन और संचालन में संबंधित समिति की जिम्मेदारी तय की जाए। समिति की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और आवश्यक सुधार के लिए प्रभावी योजना बनाई जाए। उन्होंने गोशालाओं के संचालन में भामाशाहों और आमजन के सहयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि व्यापक स्तर पर गौ सेवा के कार्य हो सके।

### मोबाइल वेटनरी सेवा की करें नियमित ऑडिट-

मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं के उपचार के लिए टोल फ्री मोबाइल वेटनरी सेवा के संचालन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। सेवा से संबंधित वाहनों के रूट, उपलब्ध दवाओं की नियमित ऑडिट करते हुए पशुपालकों को वास्तविक लाभ सुनिश्चित करें। श्री शर्मा ने रबी सीजन में यूरिया और डीएपी की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिला कलक्टर्स कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों और ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण सुनिश्चित करें।

### जैविक खेती के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित-

**मुख्यमंत्री ने कृषि और सहकारिता विभाग को उर्वरकों का वितरण ग्रामीण सहकारी समितियों द्वारा प्राथमिकता से कराने के संबंध में योजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस संबंध में आगामी वर्ष मई-जून में एक कार्यक्रम भी आयोजित जाए। उन्होंने जैविक खेती के संबंध में किसानों के प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए भी निर्देशित किया।**

### राजस्थान में एग्रीकल्चर हब बनने की क्षमता-

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एग्रीकल्चर हब बनने की पूर्ण क्षमता है। अधिकारी प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण उपज की देश-विदेश में व्यापक स्तर पर मार्केटिंग की योजना बनाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री बीज स्वावलंबन योजना के अंतर्गत मिनी बीज किटों की वितरण प्रणाली प्रबंधन को और पारदर्शी बनाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों ने रबी 2025 में अक्टूबर से दिसंबर माह की अवधि तक यूरिया और डीएपी की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है। राज्य के किसानों के लिए 11 लाख 35 हजार मैट्रिक टन यूरिया की मांग के विरूद्ध 12 लाख 73 हजार मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है।

# राजस्थान बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा का टाइम टेबल जारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 10वीं की परीक्षा 12 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगी, जो कुल 17 दिन चलेगी। वहीं, 12वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक होगी, जो 28 दिन तक चलेगी। बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस परीक्षा के दौरान करीब 6 दिन की छुट्टी रहेगी, जिनमें चार रविवार और दो छुट्टी होली और धुलंडी की होगी। उन्होंने बताया कि 19 लाख 86 हजार 422 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। दसवीं में 10 लाख 68 हजार 610 स्टूडेंट्स हैं, 12वीं के 90 हजार 572 स्टूडेंट्स, वरिष्ठ उपाध्याय के 4123 और प्रवेशिका के 7817 स्टूडेंट्स हैं। 6193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सचिव गजेंद्र सिंह ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। एग्जाम पेपर पुलिस थानों और चौकियों में रखे जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। करीब 15 जिले संवेदनशील और अति संवेदनशील है, जिनमें विशेष तौर पर वीडियोग्राफी की जाएगी। इन 15 जिलों में करीब 51 केंद्र अति संवेदनशील है। इस बार कॉपियों की जांच जल्दी होगी, ताकि रिजल्ट जल्द घोषित किया जा सके।

# ऑनलाइन गेम एवीएटर में 30 लाख हारा ठेकेदार, दी जान

## भोपाल में घर में लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा- लोगों से उधार लेकर खेला था

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** भोपाल में एक ठेकेदार ने ऑनलाइन गेमिंग में भारी नुकसान के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने ऑनलाइन गेम एवीएटर में करीब 30 लाख रुपए गंवाने का जिक्र सुसाइड नोट में किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शारदा नगर निवासी शिवान गुप्ता (32) सिविल कॉन्ट्रैक्टर था। गुरुवार रात उसने घर में फांसी लगा ली। शुक्रवार को घर की तलाशी के दौरान पुलिस को सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने लिखा कि उसने लोगों से उधार लेकर ऑनलाइन गेम खेला और सारी रकम हार गया। नुकसान के बाद लेनदारों के दबाव और मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। टीआई महेश लिल्हारे ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। मोबाइल की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि एवीएटर गेम किस प्लेटफॉर्म पर खेला जा रहा था.

# राजस्थान में छाए बादल : तेज सर्दी से मिल सकती है राहत, साल के अंत तक सामान्य रहेगी ठंड

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव राजस्थान में भी देखने को मिला है। गुरुवार को राज्य के उत्तर-पश्चिम के सभी जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। इससे न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई। लोगों को तेज सर्दी से मामूली राहत मिली। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले कुछ दिन इस सिस्टम का असर रहने और हल्के बादल छाए रहने की संभावना जताई है। साथ ही इस साल के अंत तक राज्य में मौसम साफ रहने, सर्दी सामान्य रहने और दिन में तेज धूप रहने का भी फोरकास्ट जारी किया है। इधर बादलों के कारण इन शहरों में गुरुवार दिन में धूप थोड़ी हल्की रही। धूप हल्की रहने से दिन के तापमान में मामूली गिरावट हुई।

### तीन शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे

राजस्थान में गुरुवार को लूणकरणसर, फतेहपुर, नागौर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.3 और 4.4 डिग्री सेल्सियस फतेहपुर और नागौर में दर्ज हुआ।

### साल के आखिरी तक सर्दी सामान्य रहेगी

**मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 2 सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें 1 जनवरी 2026 तक प्रदेश में बारिश नहीं होने की संभावना जताई है। साथ ही प्रदेश में अगले एक दो सप्ताह मौसम साफ रहने और सर्दी सामान्य रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज होने और न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास दर्ज होने की संभावना व्यक्त की है।**

# एआई की ताकत से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 1.2 ट्रिलियन डॉलर की ओर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2029-30 तक करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसका सबसे बड़ा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती क्षमता और इसका व्यापक उपयोग है, जो आने वाले समय में देश की प्रगति को नई दिशा देगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। टीमलीज डिजिटल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का एआई बाजार वर्ष 2027 तक लगभग 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही, एआई पेशेवरों की संख्या भी करीब 12.5 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वैश्विक एआई टैलेंट का लगभग 16% होगा। इससे स्पष्ट है कि भारत इस क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तेज़ वृद्धि मुख्य रूप से एंटरप्राइज एआई पर बढ़ते खर्च, राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म और मजबूत एसटीईएम शिक्षा पाइपलाइन के कारण हो रही है।

# झुन्झुनू से चिड़ावा-पचेरी हरियाणा बॉर्डर तक फोरलेन सड़क बनेगी

## 2203 करोड़ रूपये की लागत से 78 किमी हाईवे बनेगा फोरलेन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** झुन्झुनू-चिड़ावा-सिंघाना-पचेरी (हरियाणा बॉर्डर सीमा) तक 4 लेन सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 78.180 किमी फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 2202.67 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना में झुन्झुनू बीड़ , बगड़ खुड़ाना, सिंघाना, पचेरी कलां आदि में 4 लेन बाईपास सड़क निर्माण कार्य एवं चिड़ावा में पिलानी सड़क से लाखू तिराहा एवं लाखू तिराहा से ओजटू तिराहा तक 4 लेन रिंग रोड़ का निर्माण करवाया जायेगा। उक्त परियोजना में बाईपास सड़क की कुल लम्बाई 41.660 कि.मी. तथा एग्जिस्टिंग रोड़ की कुल लम्बाई 36.520 किमी में 4 लेन सड़क बनायी जायेगी। उक्त परियोजना में कुल 42 ब्रिज बनाये जाएँगे। वर्तमान मे भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान रिफाइनरी इकाई का 96.4 प्रतिशत कार्य पूर्ण मूंदड़ा पोर्ट पहुंची अरब मिक्स क्रूड ऑयल की पहली खेप

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सम्बंधित विभागों को समन्वय से रिफाइनरी का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में एचआरआरएल की राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की 7वीं बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी राजस्थान सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के साथ ही देश की ऐसी पहली परियोजना है जिसमें रिफाइनरी के साथ ही पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स भी है। उन्होंने रिफाइनरी के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय से कार्य करते हुए रिफाइनरी का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगति और संबंधित बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी ली।

राजस्थान रिफाइनरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कमलाकर आर विखार व सीएफओ श्री इन्द्रजीत दासगुप्ता ने कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि रिफाइनरी का समग्र रुप से 90.3 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। रिफाइनरी इकाई का 96.4 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। रिफाइनरी के लिए मूंदड़ा पोर्ट पर अरब मिक्स से क्रूड टेंक (सीओटी) तक कच्चे तेल की पहली खेप आ गई है और यह मूंदड़ा पोर्ट के 6 टैंकों से पाइपलाईन के माध्यम से रिफाइनरी तक पहुंचेगी। रिफाइनरी में ओबीई कार्य 99.8 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

एचपीसीएल के सीएमडी श्री विकास कौशल ने बताया कि राजस्थान सरकार के सहयोग व समन्वय से रिफाइनरी कार्य प्रगति पर है। रिफाइनरी में मेहसाना भटिण्डा गैस पाइपलाईन (एमबीपीएल) से गैस आना शुरु होने के साथ ही फ्लेयर सिस्टम शुरु होने से टेस्टिंग प्रक्रिया आरंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी के नाचना रिजर्ववॉयर से पाइपलाईन से पानी आने लगा है। श्री टी. रविकान्त ने बताया कि पेट्रोलियम विभाग द्वारा लगातार समन्वय बनाते हुए रिफाइनरी को गति दी जा रही है। राजस्थान रिफाइनरी की खास बात यह है



कि जीरो लिक्विड इफ्लूएंट डिसचार्ज है, जिसका सीधा— सीधा मतलब है कि इस रिफाइनरी में प्रसंस्करण के दौरान किसी तरह का वेस्टेज नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बालोतरा से पचपदरा 12 किमी तक रेल्वे व पचपदरा से रिफाइनरी साइट तक एचआरआरएल द्वारा रेल्वे लाइन बिछाई जाएगी। रिफाइनरी से प्रदेश में निवेश, रोजगार और रेवेन्यू ने नए अवसर होंगे।

बैठक में बालोतरा से रिफाइनरी तक रेलवे लाइन बिछाने, बिजली सब स्टेशन, राज्य से आने वाले कच्चे तेल पर वेट कम करने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर राजस्थान रिफाइनरी सम्बंधी एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार